
वर्ष-3, अंक-42
इन्दौर, बुधवार
7 मई 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

**चाणक्य नीति**
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े या सदाचार का त्याग करना पड़े या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।



प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## न्यूज़ ब्रीफ

### पंजाब को दहलाने की साज़िश नाकाम, हथियारों का जखीरा बरामद

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब में बड़ी आतंकी साज़िश को नाकाम करते हुए स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर ने केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में टिब्बा नंगल-कुलार रोड, एसबीएस नगर के पास वन क्षेत्र में एक खुफिया-नेतृत्व वाले अभियान में हथियारों का एक जखीरा बरामद किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि आईएसआई समर्थित सीमा पार आतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता में, पुलिस ने दो रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी), दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), 5 पी-86 हैंड ग्रेनेड और एक वायरलेस संचार सेट बरामद किया है।

### यूपी में आंधी बारिश ने फिर मचायी तबाही

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों में पिछले 24 घंटे के दौरान धूल भरी आंधी,बारिश और वज्रपात से कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी जबकि फसलों में व्यापक नुकसान पहुंचा है। औरैया,अलीगढ़ और बहराइच में वर्षा जनित हादसों में चार लोगों की मृत्यु की सूचना है वहीं कई क्षेत्रों में आंधी पानी ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। बहराइच में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की हुई मौत हो गयी जबकि अलीगढ़ में पेड़ गिरने से किसान की मौत हुयी। औरैया में दीवार ढहने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के मद्देनजर सम्बन्धित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

### शाहजहांपुर में कार-बाइक में टक्कर, छह मरे

**शाहजहांपुर ।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के मदनापुर क्षेत्र में सोमवार रात इको गाड़ी एवं बाइक की आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मृत्यु हो गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि मदनापुर क्षेत्र के गांव काबिलपुल स्थित पेट्रोल पम्प के पास इको गाड़ी और बाइक की आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई।

### मणिपुर में 12 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में विभिन्न उग्रवादी संगठनों से जुड़े 12 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि कांगलेइपक कम्युनिस्ट पार्टी-पीपुल्स वॉर ग्रुप (केसीपी-पीडब्ल्यूजी) के तीन सक्रिय कैडर कीराओ वांगखेम से पकड़े गए और उनके पास से हथियार बरामद हुए।

### नाव पलटने से कम से कम तीन लोगों की मौत,

लॉस एंजिल्स, 06 मई (वार्ता)अमेरिका में कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के निकट सोमवार सुबह एक नाव के बहकर तट पर आने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि नौ अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यू.एस. कोस्ट गार्ड (यूएससीजी) सहित कई एजेंसियों ने लगभग 6-30 बजे डेल मार के तट पर एक नाव के पलट जाने की रिपोर्ट पर कार्रवाई की।

---

**प्रधानमंत्री ने जो कहा वो कर दिखाया : भारत ने लिया पहलगाम हमले का बदला**

# भारत ने की पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक, 9 आतंकी ठिकाने तबाह

## रात 1.30 बजेकिया हमला, 100 से अधिक आतंकी मारे गए

**नई दिल्ली, राष्ट्रीय जनभावना।** आखिरकार भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर ही दी। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा के हाई वैल्यू टारगेट (HVT) हाफिज अब्दुल मलिक भी शामिल हैं। मलिक मुरिदके स्थित मरकज तैयबा एयर स्ट्राइक में मारा गया। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। इस बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हिफाजत कर सकता है। लेकिन भारत रुक जाता है तो हम भी रुक जाएंगे। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (द्बस्क्क्र) के डॉयरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। न्यूज एजेंसी द्बद्ध ने




सूत्रों के हवाले से बताया कि पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर को पूरी रात मॉनिटर करते रहे। सेना ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश विक्रम मिसरी और आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। सबसे पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई दिखाई गई। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि रात 1:05 बजे और 1:30 बजे के बीच ऑपरेशन हुआ।

---

# खड़े ट्रैक्टर से टकराई स्कॉर्पियो, 8 बारातियों की मौत

## 2 की हालत गंभीर; पूर्णिया से कटिहार आई थी बारात, सभी पूर्णिया के रहने वाले

**कटिहार (एजेंसी)।** कटिहार में सोमवार रात बारातियों से भरी स्कॉर्पियो खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। 2 घायल हैं। सभी पूर्णिया के रहने वाले थे। हादसा देर रात समेली प्रखंड कार्यालय के पास हुआ है।



पूर्णिया से सूरज और सीमा की शादी के लिए 5 गाड़ियों में बारात निकली थी। सभी कटिहार के कुर्सेला थाना क्षेत्र अंतर्गत कोशकीपुर जा रहे थे। इसी दौरान 10 लोगों से भरी एक स्कॉर्पियो चांदपुर चौक के पास गाड़ी बेकाबू होकर ट्रैक्टर से टकरा गई। इस गाड़ी में दूल्हा नहीं था। हादसे की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेली में भर्ती करवाया गया। वहां से डॉक्टरों ने दोनों को दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया।

### मक्के के ढेर से टकराने के बाद बिगड़ा बैलेंस

गाड़ी के पीछे बाइक से आ रहे एक बाराती ने बताया- हम डिबरा बाजार से आ रहे थे। खुदकीपुर जाना था। टिकापट् ?टी पुल के नीचे मक्के का ढेर रखा हुआ था। गाड़ी उस पर चढ़ गई और अन बैलेंस हो गई। आगे ट्रैक्टर खड़ा था, जिस पर मक्का लोड था। मक्के के ढेर पर चढ़ने के बाद स्कॉर्पियो खड़े ट्रैक्टर से जाकर टकरा गई। पूर्णिया जिले से बारात डिबरा बाजार से आ रही थी।

# सामूहिक बलात्कार के बाद लड़की को जिंदा जलाया

**ओडिशा।** ओडिशा के तालचेर जिले में सोमवार को एक खेत से 25 वर्षीय एक युवती का क्षत-विक्षत शव मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने रहस्यमय तरीके से लापता हुई एक युवती का क्षत-विक्षत शव बरामद किया। भुवनेश्वर में एक निजी कंपनी में काम करने वाली लड़की ऑटो-रिक्शा से घर लौट रही थी। ऑटो-रिक्शा चालक पर लड़की के साथ बलात्कार करने और उसे मार डालने का संदेह है। हालांकि, घटना के बाद से ही संदिग्ध फरार है। सूत्रों के अनुसार, पीड़िता अंगुल के कनिहा ब्लॉक के लोधाझारी गांव की मूल निवासी थी। 26 अप्रैल को वह भुवनेश्वर से यात्रा कर रही थी, लेकिन तालचेर से उसकी ट्रेन अप्रत्याशित रूप से रद्द हो जाने के कारण उसकी यात्रा बाधित हो गई। अपनी यात्रा जारी रखने के प्रयास में, उसने तालचेर रोड पर एक ऑटो-रिक्शा लिया। हालाँकि, वह कुछ ही समय बाद लापता हो गई। दुखद रूप से, उसका अत्यधिक क्षत-विक्षत शव कल बनारपाल पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत केंदुपाली के पास एक नहर के पास पाया गया।

---

# थाली पिटवाने के बाद अब सायरन बजवाएंगे डंकापति

**देश थक चुका है दिखावे की राजनीति से**

**पटना (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशभर में बढ़े सुरक्षा हालातों के बीच केंद्र सरकार द्वारा 7 मई को प्रस्तावित मॉक ड्रिल को लेकर राजद नेता रोहिणी आचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला बोला है।

उन्होंने इस कवायद को दिखावा बताते हुए इसे जनता में भय फैलाने की कोशिश करार दिया। रोहिणी आचार्य ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा, शोले के वीरू से भी बड़े ड्रामेबाज़ हैं अपने डंकापति। ड्रामे करने-करवाने से ज्यादा की उम्मीद डंकापति जी से



मत रखिए, निराशा ही हाथ लगेगी। उन्होंने कोरोना काल के दौरान थाली और दीया जलवाने के केंद्र सरकार के कदमों को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि, महामारी के दौरान जब लाखों लोग जान गंवा रहे थे, तब डंकापति जी ने थाली-बर्तन पिटवाए, दीवाली मनवाई और फूलों की बारिश करवाई। मगर न कोई व्यवस्था की गई, न राहत। रोहिणी आचार्य ने केंद्र सरकार की 7 मई को प्रस्तावित मॉक ड्रिल पर सवाल उठाते हुए कहा, कि अब जब पहलगाम हमले के 13 दिन बीत गए हैं, तो आतंकियों पर सीधी कार्रवाई करने की बजाय सरकार पूरे देश में सायरन बजवाकर खौफ फैलाना चाहती है। उन्होंने लिखा कि देशवासी अब सायरन या ड्रिल नहीं, बल्कि सीधी कार्रवाई और दृढ़ नेतृत्व देखना चाहते हैं।

# देश में 244 जगहों पर आज मॉक ड्रिल

## युद्ध में बचने के तरीके सिखाए जाएंगे, टॉर्च-कैश रखने की सलाह; देखें सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स की पूरी लिस्ट

**पहलगाम (एजेंसी)।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव के बीच बुधवार (7 मई) को देश के 244 इलाकों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल होगी। गृह मंत्रालय ने इन इलाकों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह मंत्रालय ने 5 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किए थे। दिल्ली में गृह मंत्रालय में आज हुई हाईलेवल मीटिंग में मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की गई। इसमें राज्यों के मुख्य सचिव और सिविल डिफेंस चीफ समेत कई हाई रैंक ऑफिसर मौजूद थे।



### सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का मकसद

1. एयररेड वॉर्निंग सिस्टम के दौरान अलर्टनेस चेक करना। 2. इंडियन एयरफोर्स के साथ हॉटलाइन और रेडियो कम्युनिकेशन जोड़ना। 3. मेन और सहयोगी कंट्रोल रूम की वर्किंग सही हो, यह सुनिश्चित करना। 4. हमले की स्थिति में आम लोगों, छात्रों को अपनी रक्षा करना सिखाना। 5. हमले की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने का प्लान और उसका एक्जीक्यूशन चेक करना। 6. ब्लैक आउट के दौरान उठाए जाने वाले सभी कदमों का रिव्यू करना। 7. ब्लैक आउट की स्थिति में क्या करना है, यह बताना। 8. महत्वपूर्ण संस्थानों और बड़े प्लांट्स को कैसे छिपाना है, यह बताना। 9. सिविल डिफेंस सिस्टम एक्टिवेट करना, इमरजेंसी में आम नागरिकों की मदद करने वाली टीम, फायरफाइटर्स, रेस्क्यू ऑपरेशन का मैनेजमेंट।

---


**बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आई :**

# 7 फीट ऊंचे हिम शिवलिंग के दर्शन को आएंगे लाखों श्रद्धालु

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। इस बार बर्फ का शिवलिंग करीब 7 फीट ऊंचा है। इस शिवलिंग के दर्शन के लिए देशभर से लाखों लोग अमरनाथ आते हैं। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी जो करीब 38 दिन चलेगी। 9 अगस्त को छड़ी मुबारक के साथ रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले का अमरनाथ यात्रा के रजिस्ट्रेशन पर कोई असर नहीं नजर आ है। अब तक पिछले साल की तुलना में 20त्न ज़्यादा रजिस्ट्रेशन हुए। 15 अप्रैल से ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड के जरिए करीब 3.50 लाख श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा के लिए एडवांस रजिस्ट्रेशन कराया है। श्राइन बोर्ड ने e-KYC, RFID कार्ड, ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन और दूसरी व्यवस्थाओं को भी बेहतर करने का निर्णय लिया है, ताकि यात्रा अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित हो सके। बोर्ड का कहना है इस बार पिछली बार से ज्यादा श्रद्धालु आ सकते हैं, इसलिए जम्मू, श्रीनगर, बालटाल, पहलगाम, नुनवान और पंथा चौक पर रुकने और रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था भी की जा रही है।

### 2024 में पहुंचे थे 5 लाख यात्री

2024 में यह यात्रा 52 दिनों की थी। 2023 में 62 दिन, 2022 में 43 दिन और 2019 में 46 दिनों तक यात्रा चली। 2020-21 में कोरोना महामारी के कारण यात्रा स्थगित रही। 2024 में 52 दिनों तक चली अमरनाथ यात्रा में 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे। 2023 में 4.5 लाख यात्री शामिल हुए थे।



# पहलगाम हिंसा में मारे गए नेवी लेफ्टिनेंट के घर पहुंचे राहुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी हरियाणा के करनाल में नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर पहुंच गए हैं। यहां वे परिवार से बात कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट नरवाल की 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने हत्या कर दी थी। शादी के 7वें दिन ही आतंकियों ने पत्नी हिमांशी के सामने उन्हें 3 गोलियां मारी थीं।

लेफ्टिनेंट नरवाल की पत्नी हिमांशी ही वह महिला थीं, जिसने सबसे पहले खुलासा किया कि आतंकियों ने नाम पूछकर टूरिस्टों को गोली मारी। इस हमले में 26 टूरिस्टों की मौत हुई थी। लेफ्टिनेंट की हत्या के बदले को लेकर पत्नी हिमांशी ने



मुस्लिम और कश्मीरियों के खिलाफ नफरत भरे बयानों पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि ये सही नहीं है। वहीं, हरियाणा सरकार ने कल (5 मई) की कैबिनेट मीटिंग में लेफ्टिनेंट नरवाल के परिवार को 50 लाख की वित्तीय मदद और एक मेंबर को सरकारी नौकरी को मंजूरी

### पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू कश्मीर की नियंत्रण रेखा के पास चौकियों को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बीच, पाकिस्तानी सैनिकों ने लगातार 12वीं रात जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जिसके कारण भारतीय सेना की ओर से मजबूत और संतुलित प्रतिक्रिया की गई। जम्मू में रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि 5-6 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की।

## संपादकीय

# माक ड्रिल को लेकर मीडिया की सक्रियता



*केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के सभी राज्यों को अलर्ट रहने के लिए कहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच कभी भी युद्ध हो सकता है। इसको देखते हुए 1971 के बाद पहली बार देश में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। 7 मई को देश के अधिकांश जिलों में नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन स्थिति में कैसे सुरक्षित हो सकते हैं। इसको लेकर व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में हवाई हमले की चेतावनी सायरन के माध्यम से दी जाएगी। इस चेतावनी का मुकाबला नागरिकों को किस तरह से करना है। इसकी जानकारी दी जाएगी। विद्यार्थियों को भी इस प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। हवाई हमले की स्थिति में तुरंत किस तरह से ब्लैक आउट किया जाएगा। महत्वपूर्ण स्थलों को किस तरीके से छुपाया जाएगा। हवाई हमले से यदि कोई नुकसान होता है, तो निकासी की क्या व्यवस्था होगी। सुरक्षा की क्या व्यवस्था होगी। इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक जिले के अग्निशमन विभाग के अधिकारी किस तरह से राहत पहुंचाने का काम करेंगे, नियंत्रण कक्ष किस तरह से लोगों को सूचना देंगे और उनको राहत पहुंचाने का काम करेंगे। युद्ध की स्थिति में बंकरों और खाइयो का निर्माण सीमावर्ती जिलों में किस तरह से किया जाएगा। इसका प्रशिक्षण युद्ध की स्थिति में नागरिक सुरक्षा की योजनाओं को किस तरह से संचालित किया जाना है। जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन, पुलिस और संबंधित एजेंसियों को पूर्व अभ्यास कराया जाएगा। 1971 के बाद कभी भी भारत में इस तरीके की स्थिति नहीं बनी थी। 2025 में युद्ध की स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा, संपत्ति और महत्वपूर्ण स्थलों को बचाने के लिए यह प्रशिक्षण जरूरी है। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए 7 मई का दिन निश्चित किया है। जब देशभर के अधिकांश जिलों में विशेष रूप से जो पाकिस्तान से लगे हुए सीमावर्ती राज्य हैं। उन राज्यों के सभी जिलों में बड़े पैमाने पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस तरह की स्थितियां भारत और पाकिस्तान के बीच में बनी हैं, उसको देखते हुए यह सतर्कता जरूरी थी। 55 साल की उम्र तक के लोगों ने युद्ध में किस तरह से बचाव करना होता है, यह उनकी जानकारी में नहीं है। जो लोग 55 साल की उम्र से ज्यादा के हैं उन्होंने जरूर 1962, 1965 और 1971 के दौरान हुए युद्ध में युद्ध के दौरान किस तरह से सुरक्षित रहा जा सकता है। इसकी जानकारी उन्हें है। केंद्र सरकार ने जो प्रशिक्षण देने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया है।*

## उम्मीद बाक़ी है

न्यूज़ चैनल हों,?अख़बार हों, सोशल मीडिया हो , हर तरफ मार काट, दंगें फ़साद, लड़ाई झगडे, खून ख़राबा, जूलूस पर जूलूस,नारे बाज़ी, हिन्दू मुस्लिम, नफ़रते ही नफ़रते दिखाई देती है. परेशान हो जाता हूं ऐसी खबरें देख -सुन कर . मैं बूढ़ा जो अपनी जिंदगी लगभग जी चुका हूं मगर बच्चों के लिए फ़िकर मंद हूं . चिंता होती है ... मोजूदा हालात डराते हैं. मैं यही सब सोचता हुआ , एक सड़क पर अकेला टहल रहा था. तभी एक स्कूटी मेरे बराबर में आकर रूकी और उस पर बैठे हुए एक अजनबी ने मुझ से पूछा अंकल... क्या मैं आपको आप के घर तक पहुंचा दूं?


**जाफ़र मेहदी जाफ़री**
**लखनऊ**

## सुखदायी अप्रैल फूल

एक अप्रैल का दिन था। बूढ़े माता-पिता हमेशा की तरह अपने बेटे-बहू और पोता-पोती की राह देख रहे थे। वे प्रत्येक माह की पहली तारीख को उनसे मिलने आया करते थे और साथ में कई तरह के खाने-पीने की चीजें और उपहार लेकर आते थे। शाम हो गई और मगर उनमें से मिलने कोई नहीं आया। बूढ़े माता-पिता निराश होने लगे। उन्हें लगा आज 1 अप्रैल का दिन है। इसलिए वे अपने दोस्त-साथियों के साथ हंसी-मजाक और बेवकूफ बनाने के काम में लगे होंगे। तभी उनके पोते का फोन आया। पोते ने बूढ़े दंपति की आशंका के अनुसार एक सूचना दी, दादाजी, हम लोग आज अपने दोस्तों के साथ समय बिता रहे हैं और हँसी मज़ाक कर रहे हैं। हमलोग इस बार पहली तारीख को आपसे मिलने नहीं आ पाएंगे। बूढ़े दंपति की आंखों में आंसू आ गए। वे धैर्य के साथ अगले महीने की पहली तारीख का इंतजार करने लगे। अभी दस मिनट भी नहीं बीते थे तभी दरवाजे पर दस्तक हुई। न जाने कौन आया होगा, यह सोचकर बूढ़े दम्पति भारी कदमों से दरवाजे तक गए। दरवाजा खोला। मगर क्या देखते हैं कि उनका बेटा-बहू और पोता-पोती सभी हाथ में कई तरह की खाने पीने की चीजें और उपहार लेकर खड़े हैं। खुशी और आश्चर्य से उनकी आंखें चौड़ी हो गईं। पोता दौड़कर दादी की गोद में समा गया। उसने कहा, दादी, अप्रैल फूल बनाया तो उनको गुस्सा आया..!! दादा की आंखों में अब खुशी के आंसू आ गए थे। उन्होंने पोते से लहककर कहा, नहीं बेटा, हमें गुस्सा नहीं आया। बल्कि यह कहो कि तुमने अप्रैल फूल बनाया तो हमारा मन हर्षाया। ऐसा अप्रैल फूल हमेशा बनाओ तो फिर क्या ही कहने !

**ज्ञानदेव मुकेश**
**न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी**
**पटना -800013**

# संवेदनाएँ ऑफलाइन हैं कृपया बाद में प्रयास करें



कभी लगता है कि हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहाँ आदमी इंसान कम और मशीन अधिक बन चुका है। चेहरे पर हँसी है, पर आँखों में अपनापन नहीं। लोगों के पास समय है–फोटो खींचने का, वीडियो देखने का, पर किसी का हाल पूछने का नहीं। संवेदनाएँ अब किसी को छूती नहीं, केवल दिखावे में टंगी रहती हैं, जैसे दीवार पर लगे वे कैलेंडर जो अब तारीख़ नहीं बताते, केवल सजावट का काम करते हैं। पहले जब किसी घर में दुःख होता था, तो मोहल्ले भर की चप्पलें बाहर दिखती थीं। आज दुःख की ख़बर मिलती है, तो लोग सोचते हैं–शोक सन्देश भेज दिया था, अब जाना ज़रूरी तो नहीं। संवेदनाएँ अब सन्देश में सिमट गई हैं–हम शोक व्यक्त करते हैं, और अगले ही पल हँसी-मज़ाक के चुटकुले आगे बढ़ा दिए जाते हैं। लगता है जैसे दुख भी अब दो मिनट का हो गया है–जैसे इंस्टेंट चाय।किसी समय था जब रिश्तेदार सिर्फ़ विवाह और मृत्यु पर नहीं आते थे, साधारण दिनों में भी हाल पूछने आते थे। अब कोई दरवाज़ा खटखटाए तो पहले देखा जाता है कि कौन है, फिर भीतर से आवाज़ आती है–किसलिए आए हो? मिलना-जुलना अब बेमतलब की बात हो गई है, जैसे बिना नमक का पराठा।समाज में अब भावनाओं की जगह खोखलापन बढ़ता जा रहा है। पहले किसी की आँखें आँसू से भरी दिखती थीं तो लोग पूछते थे–क्या हुआ? अब अगर किसी की आँखें नम दिख जाएँ, तो लोग समझते हैं–शायद नींद पूरी नहीं हुई। संवेदना की जगह अब अनुमान आ गया है, और अनुमान भी ऐसा जो केवल सुविधा के अनुसार लगाया जाता है।बचपन में दादी की कहानियाँ केवल मनोरंजन नहीं होती थीं, वे जीवन का पाठ पढ़ाती थीं। आज के बचे कहानी नहीं सुनते, वीडियो देखते हैं। माँ की थपकी अब नींद की दवा नहीं रही, मोबाइल पर चल रहा गाना है। माँ-बाप की चिंता अब संतान को बोझ लगती है, और बुज़ुर्गों की बातें उपदेश।पहले मोहल्ले में कोई बीमार होता था, तो चार घरों से खिचड़ी पहुँचती थी। अब कोई बीमार हो तो लोग कहते हैं–ओ, पता ही नहीं चला, अब कैसा है? यानी बीमारी भी अब खबर बनने तक सीमित रह गई है, इलाज तक नहीं पहुँचती। संवेदनाएँ अब इतनी आलसी हो गई हैं कि वो दूसरों के दुख पर आँखें मूँद लेती हैं।कुछ समय पहले तक जब कोई घर में नया बचा आता था, तो मोहल्ले भर में मिठाई बँटती थी। अब बचा हो या बुज़ुर्ग का निधन, सब कुछ केवल 'सूचना' बनकर रह गया है। उत्सव अब तस्वीरों का होता है, और दुःख केवल संदेश का। जीवन में भावों की जगह अब भावनाओं का प्रदर्शन आ गया है–जैसे पूजा करते समय अगर किसी ने फोटो नहीं डाली, तो मानो पूजा ही अधूरी रह गई।आश्चर्य इस बात का है कि समाज में हर ओर मानवता बचाओ की बातें हो रही हैं, पर किसी भूखे को रोटी देने वाला कम दिखता है। लोग भूख पर भाषण देते हैं, पर रसोई से दो रोटियाँ निकालने में झिझकते हैं। संवेदना अब मंच पर है, मैदान में नहीं।अब तो यह हाल है कि यदि कोई मित्र दुःखी हो, तो हम कह देते हैं–मन छोटा मत कर, सब ठीक हो जाएगा, और अगली ही साँस में अपनी चाय की चुस्की लेते हैं। कभी पूछा नहीं कि उसका मन क्यों छोटा है, कैसी रातें गुज़ार रहा है। संवेदनाएँ अब शब्दों में नहीं, शब्दजाल में उलझ गई हैं।संवेदना केवल तब तक बची है जब तक वह हमारे ऊपर नहीं आती। कोई और रो रहा हो तो समझाने की भाषा निकलती है, और जब खुद पर दुख आता है तो समझने वाला कोई नहीं मिलता। समाज अब आँसू से नहीं, उसकी कीमत से आँकता है। दुख कितना बड़ा है, ये नहीं देखा जाता; किस प आया है, ये देखा जाता है।दुख की गहराई और सुख की सचाई अब प्रदर्शन में छिप गई है। लोग अब मदद नहीं करते, दया दिखाते हैं। पहले कोई गिरता था तो लोग उठाने दौड़ते थे, अब देखने के लिए खड़े होते हैं कि कहाँ चोट लगी? और फिर चुपचाप आगे बढ़ जाते हैं।अब समय ऐसा है कि यदि कोई व्यक्ति पेड़ के नीचे बैठा हो तो लोग पूछते हैं–नेट नहीं चल रहा क्या? यानी एकांत भी अब संदिग्ध हो गया है। कोई सोच में बैठा हो तो कहा जाता है–सब ठीक है ना? जैसे शांति अब बीमारी बन गई हो।

अब तो लोग अपने घर की रसोई से ज़्यादा चिंता दूसरे की तस्वीरों की करते हैं। संवेदनाएँ इस कदर खो गई हैं कि लोग किसी के दुःख पर वाह लिखकर आगे बढ़ जाते हैं।निष्कर्षतः, यह समाज अब संवेदनशील नहीं, केवल संवेदी रह गया है।

जिसमें भावना नहीं, प्रतिक्रिया होती है, अपनापन नहीं, उपस्थिति होती है। यह समय केवल सजीवों का नहीं, सजावटी मनुष्यों का हो चला है। यदि कहीं कोई संवेदना बची है, तो शायद वो उन बूढ़ी आँखों में है जो राह तक रही हैं–किसी पुराने परिचित के आने की, बिना किसी पूर्व सूचना के।यदि आपको लगे कि आपका समाज बहुत बदल गया है–तो चिंता न करें। वह बदल नहीं रहा, बस अपडेट हो रहा है। फर्क बस इतना है कि पहले बदलाव अंदर से आता था, अब नोटिफिकेशन से आता है।

**डॉ. सिद्धार्थ कुमार जौहरी,**
**प्राचार्य, सेज़ महाविद्यालय,**
**इंदौर (मध्यप्रदेश)**




## कहानी

# सजनी

राजे रजवाड़े धीरे धीरे खत्म होते गए साथ ही राजे राजवाड़ों से आश्रय प्राप्त और घूम घूम कर करतब और मनोरंजन दिखाने वाले घुमंतू जातियों ने भी घुमते घुमते कब अपना स्थाई निवास बना लिया पता ही नहीं चला क्योंकि उन की कल अब टीवी खा गई अब उनके करतब कोई नहीं देखता और अब तो मोबाइल ने मनोरंजन के सारे संसाधनों को निगल लिया ऐसी ही एक घुमंतू जाति नट है जिसने रंगपुर में गाँव से थोड़ी दूरी पर अपने स्थाई कच्चे मकान बना लिये लेकिन फिर भी आज भी उस बस्ती का नाम नट का डेरा ही है बस्ती में करीब एक ही परिवार के दस घर होगें ये लोग अब अपनी जीविका के लिए मजदूरी और बकरी पालन करते हैं इसी डेरे के मुख्या का नाम दयाराम है उसकी एक बेटी है जिसका नाम सजनी है वह इतनी खुबसूरत है की शायद ईश्वर ने उसके नयन नक्श इतने सुंदर मानो ईश्वर ने सब कुछ नाप तोल कर एक सांचे में ढालकर बनाया हो एक दम रोबदार चेहरा उस पर गुलाबीपन मानो कोई परी हो सजनी की अभी उम्र पन्द्रह वर्ष की होगी इस उम्र में ही उसकी शादी एक उनकी बिरादरी के अन्य डेरे में कर दी गई उसके पति का नाम था छ्गन था वह शराब का इतना आदि था की वह सोचता है मैं शराब बोतल भरभर कर पीता था लेकिन उसे यह पता नहीं था कि शराब भी उसे तिल तिल कर पीती जा रही है विवाह के दो वर्ष में ही एक बेटी चंपा को सजनी की गोद में देकर छ्गन एक बार शराब पी कर सोया तो दोबारा कभी नहीं उठा छ्गन के डेरे के लोगों ने भी सजनी को मनहूस मानकर अपने डेरे से निकाल दिया सजनी को अपने पिता के डेरे में जाने के अलावा और कोई रास्ता नहीं था सजनी के अपने डेरे में पहुंचने के एक वर्ष बाद ही पिता की भी मृत्यु हो जाती है। उसकी माँ तो बचपन में ही छोड़कर चल बसी थी अब सजनी अपनी दो वर्ष की बेटी के साथ अकेली अपने पिता की झोपड़ी में रहती है डेरे के लोग भी उनकी कोई मदद नहीं करना चाहते थे सजनी अपने जीवन यापन के लिए छोटी मोटी मजदूरी करने जाने लगी लेकिन सतरह वर्ष की सुंदर बाल विधवा को देखकर हर कोई मोहित हो जाता सजनी को हर कोई अपनी सजनी बनाने की ताक में रहता सजनी ने भी अपने आप को बचाने के लाख प्रयत्न किये लेकिन जब एक दिन उसकी बेटी की ज्यादा तबियत खराब हुई तो वो रात में ही अकेली अपनी बेटी को शहर में डॉक्टर को दिखाने के लिए निकल पड़ी सुबह जब वह हास्पिटल पहुंची तब तक उसकी बेटी की तबियत और अधिक खराब हो गई जाते ही उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया अस्पताल के डॉक्टर ने सजनी से पचास हजार रुपये जमाकर के लिए कहा लेकिन इतनी बड़ी रकम सजनी के पास तो मात्र पांच सौ रूपये थे सजनी आस पास भटकती रही फिर एक पेड़ के नीचे रो रही थी पास में एक औरत आई और पूछा क्या हुआ तब सजनी ने अपनी सारी स्थिति बताई लेकिन उस औरत ने कहा पैसे ऐसे नहीं मिलेगें एक लंबी गली है वहाँ जाकर खड़ी हो जाओं वहाँ तुमसे आकर पूछे तो अपनी कीमत बता देना थोड़ी देर के लिए सजनी सोच में पड़ गई लेकिन इसके अलावा कोई और चारा भी नहीं था सजनी ने वैसा ही किया सजनी को पांच हजार रुपये मिलें उसने अस्पताल में जमा करवाये और पैसे भी जमा करवाने का आश्वासन दिया अब रोज सजनी लंबी गली के चौराहे पर खड़ी हो जाती है और कोई ना कोई आता है और सजनी को अपने साथ ले जाता है निरंतर सजनी अस्पताल में पैसे जमा करती रही लगातार इस धंधे में लिप्त होने के कारण एक दिन किसी व्यक्ति ने सजनी को पैसों के साथ एक ऐसा लाइलाज रोग भी दे गया सजनी की बेटी की तबियत तो?


**-डॉ अर्जुन सिंह पंवार चौराना**

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

# सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से ज्यादा बढ़त रही

## सेंसेक्स 259 अंक मजबूत होकर 80,501 पर बंद

### निफ्टी 12.50 अंक की बढ़त के साथ 24,346 पर बंद



**मुंबई ।** एफआईआई की लगातार खरीदारी, टैरिफ वार पर तनाव कम होना, रिकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन और वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक माहौल ने घरेलू शेयर बाजार को साप्ताहिक आधार पर एक फीसदी से ज्यादा बढ़त दिलाने में मदद की। हालांकि बीते सप्ताह गुरुवार 1 मई को महाराष्ट्र दिवस और मजदूर दिवस के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहने की वजह से सप्ताह में एक दिन कम कारोबार हुआ। 2 मई को खत्म हुए हफ्ते में बीएसई सेंसेक्स 1.62 फीसदी और निफ्टी 1.2 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं सप्ताह भर के शेयर बाजार के कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो एशियाई बाजारों से पॉजिटिव संकेत की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी 50 तेजी के साथ खुले। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक चढ़कर 79,343.63 पर खुला और 1005 अंक चढ़कर 80,218 पर बंद हुआ है। निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ 24,152.20 अंक पर खुला और 289 बढ़कर 24,328 पर बंद हुआ। मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक, ऑटो और आईटी सेक्टर में खरीदारी दर्ज की गई। सुबह खुलते ही सेंसेक्स 409.4 अंक बढ़कर 80,627.85 पर खुला और 70 अंक उछलकर 80288 पर बंद हुआ। निफ्टी 118.10 अंक चढ़कर 24,446.60 पर खुला और 7 अंक चढ़कर 24335 पर बंद हुआ।

बुधवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 232.51 अंक गिरकर 80,055.87 अंक पर खुला और 46.14 अंक गिरकर 80,242.24 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 67.15 अंक गिरकर 24,268.80 अंक पर खुला और मामूली गिरावट के साथ 24,334.20 पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत हरे निशान के साथ खुले। सेंसेक्स 727.82 अंक की बढ़त के साथ 80,970 पर खुला और 259.75 अंक मजबूत होकर 80,501.99 पर बंद हुआ। निफ्टी 199 अंक की तेजी के साथ 24,528 पर खुला और निफ्टी 12.50 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,346.70 अंक पर बंद हुआ।



# आरबीआई ने चार बैंकों पर लगाया जुर्माना

### नियामक अनुपालन में कमियों के लिए लगाया गया जुर्माना

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि उसने नियामक अनुपालन में कमियों के लिए आईसीआईसीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा सहित चार बैंकों पर जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे, अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) और क्रेडिट कार्ड तथा डेबिट कार्ड जारी करने से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए आईसीआईसीआई बैंक पर 97.80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एक अन्य बयान में, आरबीआई ने कहा कि उसने बैंकों की वित्तीय सेवाओं और बैंकों में ग्राहक सेवा पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा पर 61.40 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने कुछ अनुपालन खामियों के चलते आईडीबीआई बैंक लिमिटेड पर 31.8 लाख रुपए और बैंक ऑफ महाराष्ट्र पर 31.80 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। आरबीआई ने कहा कि सभी मामलों में जुर्माना नियामक अनुपालन में कमियों के चलते लगाया गया है और इसका बैंकों के अपने ग्राहकों के साथ किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता से कोई संबंध नहीं है।

# इनसाइडर ट्रेडिंग मामले में ओला इलेक्ट्रिक की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नई दिल्ली ।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की इनसाइडर ट्रेडिंग के मामले में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है कि बाजार नियामक सेबी अक्टूबर और दिसंबर 2024 के बीच इनसाइडर ट्रेडिंग के दो मामलों में भाविश अग्रवाल की अगुआई वाली ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट में उल्लिखित है कि ओला इलेक्ट्रिक द्वारा संबंधित पार्टी लेनदेन भी सेबी के रडार पर है। इस खबर के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयर बिकवाली मोड में नजर आए। पिछले सप्ताह करीब 48 रुपये के स्तर पर शेयर एक फीसदी टूटकर गिरे। इसके अलावा ओला इलेक्ट्रिक को अपने कुछ स्टोरों के लिए व्यापार प्रमाणपत्रों के संबंध में चार राज्यों में नोटिस भी मिले और कंपनी ने बताया है कि उसे इसका जवाब देने की प्रक्रिया में है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार महाराष्ट्र के अधिकारियों ने ओला को एक नोटिस भी भेजा है, जिसमें महाराष्ट्र में 100 से अधिक शोरूम को तत्काल बंद करने का आदेश दिया गया था। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में ओला इलेक्ट्रिक ने बताया है कि उसने फरवरी में 25,000 इकाइयां बेचीं और इसकी बाजार हिस्सेदारी 28 प्रतिशत रही। इसके बावजूद, भारी उद्योग मंत्रालय और भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से ओला इलेक्ट्रिक को ईमेल प्राप्त हुए हैं, जिसमें बिक्री आंकड़ों के बड़े अंतर के कारण पूछे गए हैं। इस समय, ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड को अच्छे संपर्कों और संस्थागत शुद्धता की जरूरत है ताकि विश्वासित होकर निवेश किया जा सके और कंपनी की मुद्राओं पर स्थिरता बनी रहे।

## गरीबी के कारण छूटी दुर्गा की पढ़ाई



### दानपात्र ने स्कूल में एडमिशन करवा किया अधूरा सपना पूरा

इंदौर। गरीबों की मदद के लिए देश दुनिया में जानी जाने वाली संस्था दानपात्र ने हाल ही में एक झुग्गी में रहने वाली लड़की दुर्गा की मदद कर मानवता की मिसाल कायम की है दुर्गा जो आगे पढ़ना लिखना चाहती थी पर पैसों की कमी की वजह से उसकी पढ़ाई रोक दी गई और अपनी मां की तरह उसे भी लोगों के घरों में बर्तन मांझने जाना पड़ा जब यह बात संस्था दानपात्र को पता चली तो उन्होंने तुरंत बच्ची के माता पिता से संपर्क कर उनसे बात की और बच्ची के स्कूल जाकर फीस भरकर उसका एडमिशन करवा दिया जिससे एक मासूम बच्ची का भविष्य खराब होने से बच गया ये बच्ची झुग्गी बस्ती में रहती है।

पिता बीमारी की वजह से काम नही कर पाते और मां लोगों के घरों में बर्तन मांझकर जैसे तैसे घर का गुजरा करती है बच्ची बड़े होकर डॉक्टर बनाना चाहती है संस्था ने न सिर्फ बच्ची का एडमिशन स्कूल में करवाया बल्कि आर्थिक रूप से बच्ची के परिवार की मदद भी की जिससे वह निश्चिंत होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सके और अपने सपनों को पूरा कर सकें। दानपात्र की इस कोशिश की हर जगह सराहना हो रही है।

## थैलेसीमिया से बचाव पर विशेष बातचीत का प्रसारण 7 मई को



इंदौर। शादी से पहले एक जाँच आपके बच्चों को थैलेसीमिया से कैसे बचा सकती है.?..थैलेसीमिया बीमारी के कारण ,बचाव और उपचार क्या हैं ?...इस विषय पर सोशल वर्कर एवं थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप, इंदौर की अध्यक्ष डॉ. रजनी भंडारी से दूरदर्शन के एंकर और प्रोड्यूसर प्रवीण नागदिवे ने विशेष बातचीत की।

इस विशेष बातचीत का प्रसारण 7 मई , बुधवार को सुबह 11:30 बजे दूरदर्शन मध्य प्रदेश पर.होगा। इसे मोबाइल में भी देख सकते हैं। प्रसार भारती के ड्डश्च्श्च *waves* के माध्यम से ,स्रस्र मध्यप्रदेश सर्च कर जियो की सिम हो तो *जियो TV* app पर एयरटेल की सिम हो तो *एयरटेल के app &tream* के माध्यम से .. टीवी पर दूरदर्शन मध्यप्रदेश में इन्दौर डायरी आप देख सकते है सुबह 11:30 बजे 156 एयरटेल सेटटॉप बॉक्स पर 185 हैथवे पर जियो पर 1175 नम्बर पर। डॉ रजनी भंडारी की थैलेसीमिया पर बातचीत आकाशवाणी के इंदौर केंद्र से आठ मई को सबेरे साढ़े दस बजे भी प्रसारित की जाएगी ये वार्ता आकाशवाणी के प्रोग्राम डायरेक्टर श्री चतुर्वेदी जी के डॉ रजनी भंडारी से की है।

## विश्व बैंक की टीम ने भिक्षुक पुनर्वास केंद्र पहुंच किया निरीक्षण



इन्दौर। विश्व बैंक के दो सदस्यीय दल ने अपने तीन दिवसीय दौरे पर कल इंदौर पहुंच भिक्षुक पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। इंदौर में भिक्षावृत्ति उन्मूलन और भिक्षुकों के पुनर्वास के माडल का अध्ययन करने के लिए यह दल इन्दौर आया है। भिक्षुक केन्द्र का निरीक्षण करने के बाद अब यह दल अलग-अलग चौराहों, मंदिर आदि जाकर भिक्षुकों की स्थिति देखेगा। भिक्षुक पुनर्वास केंद्र पहुंचे इस दल ने भिक्षावृत्ति में लिप्त रहे लोगों से बातचीत कर उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को जाना। इसके बाद स्मार्ट सिटी कार्यालय पहुंच सीईओ दिव्यांक सिंह से चर्चा की। इस दौरान संस्था प्रवेश की रूपाली जैन मौजद थीं।

# सनातन धम्म के कारवां को गतिमान रखने वाले आधुनिक बुद्ध है बाबासाहेब





इंदौर। डॉ. आंबेडकर नगर (महू) भारतीय बौद्ध महासभा जिला शाखा इंदौर के तत्वाधान में महाकारूणिक तथागत बुद्ध की 2569 वी त्रिगुणी पावन वैशाख पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित दस दिवसीय जयंती महोत्सव के तहत श्रामणेर एवं बौद्धाचार्य शिविर के तीसरे दिन भदंत दीपंकर महाथेरो जी के मार्गदर्शन में केंद्रीय शिक्षक आद. के. वाय. सुरवाड़े गुरुजी, डॉ. उत्तम प्रधान, डॉ. शांताराम वाघ जी ने 50 से ज्यादा श्रामणेरो को धम्म शिक्षाओं के प्रति जागरूक करते हुए बुद्ध, धम्म, संघ की आचार संहिता, आर्य आष्टांगिक मार्ग, दसशील, दान पारमिताओं का जीवन में महत्व बताते हुए पाली भाषा में संस्कार गाथाओं का प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम अध्यक्ष आनंद शेगोकर और पर्यटनङ्कप्रचार विभाग के उपाध्यक्ष गौतम वानखेड़े ने बताया कि दस दिनों तक चलने वाले इस शिविर में सभी श्रामणेरो को जिलाध्यक्ष शुभम रायपुरे ने अपनी माता के पुण्यस्मृति में अल्पाहार एवं उपासक मनोज धुरंधर जी ने भिक्षु संघ को भोजन दान कर पुण्य अर्जित किया।

आपने बताया कि महामानव बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी ने देश से एक प्रकार से लुप्तप्रायः हो चुके सनातन धम्म को अखंड भारत में पुनर्स्थापित करते हुए देश के लोगों को सांसारिक जीवन में शील, सदाचार, नैतिकता से परिपूर्ण बुद्ध धम्म देकर राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को मजबूत करने और विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने के लिए जीवनपर्यंत कार्य किया और उनके उर्वरित जीवन का प्रतिफल ÷बुद्ध और उनका धम्म÷ के रूप में देश के करोड़ों करोड़ लोगों को प्राप्त हुआ। बुद्ध धम्म के प्रति समर्पण भाव से किए गए कार्यों से पूरी दुनिया बाबासाहेब को आधुनिक बुद्ध के रूप में याद करती हैं।

पंचशील नगर के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर बुद्ध विहार में चल रहे शिविर में संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा, बाबासाहेब आंबेडकर जी की पुत्रवधु महाउपासिका मीराताई यशवंत आंबेडकर जी के जन्मदिवस के अवसर पर उनके द्वारा बीते 45 वर्षों से देश के 29 राज्यों में बौद्ध धम्म के प्रचारङ्कप्रसार के लिए अनवरत किए जा रहे उत्कृट कार्यों को सविस्तार बताकर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की मंगल कामना हेतु गाथाओं का सांगायन किया गया।

इस आयोजन की व्यवस्था में प्रदेश संगठक उपासक कैलाश एम. इंगले, विहार निर्माण समिति के अध्यक्ष रंजीत तायड़े, समता सैनिक दल के डिविजन कमांडर विशाल सूर्यभान इंगले, महिला उपाध्यक्षा नेहा इंगले, साधना इंगले, मीना गवई, पूनम वाकोडे, शिला दांडगे, स्नेहलता कर्डक, शीतल जांबुलकर, अनिकेत इंगले, राजू गायकवाड़, राजू अवसर मोल, गणेश सुरवाड़े, रोहित वाकोड़े, शुभम सपकाड सहित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मेमोरियल सोसायटी के राजेंद्र वाघमारे, एड. प्रकाश निकडे, राहुल हिवरे, कुणाल वाकोड़े, सुनील खंडेराव, शालीन भौउरजार, जगनराव वानखेड़े, दिलीप वाकोड़े, डॉ. अजय जाधव, विनोद अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समाजजन उपस्थित रहे। भिक्षुओं को सांझ का फलाहार रवि वर्मा जी के द्वारा दान किया गया।

उक्त जानकारी उपाध्यक्ष गौतम वानखेड़े और मीडिया प्रभारी रोहित सरदार ने दी।

## मॉक ड्रिल से मिलेगा आपातकालीन स्थिति में आत्मविश्वास



इंदौर। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में सुरक्षा सतर्कता बढ़ा दी गई है। 1971 के बाद पहली बार भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा 7 मई को पूरे देश के 244 जिलों में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है।

इसका उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन की तत्काल प्रतिक्रिया क्षमता को परखना और मजबूत करना है। इसी कड़ी में इंदौर के प्रसिद्ध एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. संदीप जुल्का के नेतृत्व में 7 मई को छप्पन दुकान क्षेत्र पर एक विशेष मॉक ड्रिल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 8:30 बजे शुरू होगा, जिसमें नागरिकों को आपदा प्रबंधन, आतंकी हमलों जैसी आपात स्थितियों और सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के महत्व की जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम में सेवानिवृत सैन्य अधिकारी मेजर जनरल (डॉ.) राजेश चाबा (सेना मेडल, सेवानिवृत्त), ब्रिगेडियर सौरभ जैन और लेफ्टिनेंट कर्नल आशीष मंगरुलकर की मौजूदगी रहेगी।

एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. संदीप जुल्का ने कहा, अंग्रेजी का एक प्रसिद्ध सुविचार है यह मत पूछो कि देश ने तुम्हारे लिए क्या किया, बल्कि यह सोचो कि तुमने देश के लिए क्या किया। यह समय एकजुट होकर जिम्मेदारी निभाने का है। हमें केवल प्रशासन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए; प्रत्येक नागरिक की जागरूकता और तैयारी भी बेहद महत्वपूर्ण है।

हमारी इस पहल में छप्पन दुकान व्यापारी संघ के अध्यक्ष गुंजन शर्मा, सॉफ्टविज़न कॉलेज के डायरेक्टर नीरज देसाई एवं एक्रोपोलिस कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. एके सोजतिया का विशेष योगदान है।

## हर्षिता प्रजापत ने 10वीं में 94.4% अंक प्राप्त कर बढ़ाया शहर का मान



इंदौर। इंदौर की Genius Point कोचिंग की छात्रा हर्षिता प्रजापत ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94.4% अंक प्राप्त कर कोचिंग संस्थान, अपने परिवार और पूरे शहर का नाम गर्व से ऊंचा किया है। गणित में 93 अंक प्राप्त कर हर्षिता ने अपनी गहरी विषय समझ और मेहनत का परिचय दिया।

हर्षिता ने अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षक- राकेश शर्मा, अश्विन दुबे, आयुष मिश्रा और आनंद मालवीय को दिया। मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास ने मुझे आत्मविश्वास दिया। सभी शिक्षक बहुत ही सहयोगी रहे और हर संदेह को स्पष्ट करते हुए मुझे पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

हर्षिता ने आगे कहा, मेरे माता-पिता ने हर कदम पर मेरा साथ दिया। उन्होंने मुझे न सिर्फ पढ़ाई के लिए सकारात्मक वातावरण दिया, बल्कि हर तनावपूर्ण समय में मेरा हौसला भी बढ़ाया। मेरी इस सफलता में उनका योगदान सबसे बड़ा है।

## मां बगलामुखी जयंती मनाई



इन्दौर। मां बगलामुखी जयंती के अवसर पर शंकराचार्य मठ नैनोद के अधिष्ठाता ब्रह्मचारी डा. गिरीशानंद महाराज ने संबोधित करते हुए बताया कि दस महाविद्या में मां बगलामुखी का चौथा स्थान है। जब सृष्टि में प्राकृतिक आपदा आई, तब भगवान विष्णु ने परांबा राजराजेश्वरी का तप किया। उनके तप-पूजन से मानव को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। उनकी आराधना सदा कल्याणकारी होती है। माता बगलामुखी का पूजन-अर्चन भी किया गया। कार्यक्रम में शंकराचार्य भक्त मंडल के बालकृष्ण चौकसे, स्वप्निल यादव, संगीता आर्य दीक्षित, सरस्वती धीरज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## वार्षिक सम्मेलन व संगीत गायन प्रतियोगिता



इंदौर। ब्लाइंड एम्पाईज एसोसिएशन का 9वां वार्षिक सम्मेलन व संगीत गायन प्रतियोगिता अभिनव कला समाज भवन में लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन दिनेश कुमार रणधर की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के वातावरण में सानंद संपन्न हुई।

समारोह के अतिथियों द्वारा संगीत प्रतियोगिता में चयनित गायकों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया। दृष्टि बाधित 15 संस्थानों में कार्यरत सदस्यों का स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। संगठन के सचिव अनिल बामनिया व अन्य पदाधिकारीयों ने अतिथि गणों के साथ पूरे प्रदेश से पधारे वरिष्ठ दृष्टिहीन महानुभावों का शाल श्रीफल से अभिनंदन किया। संगीत प्रतियोगिता की निर्णायक संगीतज्ञ डॉक्टर भावना प्रधान व आराधना मैडम ने भी सुमधुर गीत की प्रस्तुति देकर सभी को आनंदित कर दिया। स्वागत गीत रमेश कुमार सैनी ने प्रस्तुत किया व आभार प्रदर्शन विनोद मेड़वाड द्वारा किया गया।

लायंस क्लब की ओर से दिनेश रणधर व अशोक गुप्ता ने सहयोग राशि प्रदान करते हुए कहा लायंस क्लब के माध्यम से दृष्टिहीन सदस्यों को उनकी योग्यता अनुसार प्लेसमेंट करवा कर उन्हें स्वालंबी बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

## भारतीय रेल के लिए डिजिटल घड़ी डिजाइन करें

### पाएं 5 लाख का राष्ट्रीय पुरस्कार, 31 मई तक भेज सकेंगे डिजाइन



इंदौर। देश की रेल सेवाओं में समयबद्धता और तकनीकी नवाचार को नया आयाम देने के उद्देश्य से भारतीय रेल ने एक अनूठी राष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिता की शुरुआत की है। इस प्रतियोगिता के तहत देशभर के नागरिकों को रेलवे स्टेशनों पर लगाई जाने वाली डिजिटल घड़ी की नई डिजाइन तैयार करने का अवसर दिया गया है।

रेलवे बोर्ड द्वारा संचालित इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता को 5 लाख रुपए का राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। प्रत्येक श्रेणी में पांच प्रतिभागियों को 50,000 रुपए के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। भोपाल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता भारतीय रेल के नवाचार प्रयासों और जनसहभागिता का परिचायक है। समय प्रबंधन को नई पहचान देने का यह सुनहरा मौका है। उन्होंने भोपाल मंडल के छात्रों, कलाकारों, डिजाइनर्स और आम नागरिकों से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। डिजाइन तीन श्रेणियों में आमंत्रित की गई है। पहली स्कूली छात्र (12वीं कक्षा तक), दूसरी कॉलेज/यूनिवर्सिटी विद्यार्थी और तीसरी श्रेणी पेशेवर डिजाइनर एवं आम नागरिक की।

#### डिजाइन भेजने की डेडलाइन 31 मई

प्रतिभागी 1 मई से 31 मई 2025 तक अपनी डिजाइन केवल ऑनलाइन माध्यम से भेज सकते हैं। डिजाइन हाई-रेजोल्यूशन में और वाटर मार्क रहित होनी चाहिए। ईमेल आईडी कॉन्टेस्ट डॉट पीआरएटदआरबीडॉटरेलनेटडॉटजी ओवीडॉटइन पर भेजना होगा। इसके साथ डिजाइन का एक संक्षिप्त अवधारणा नोट और मौलिकता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। सभी श्रेणियों में भेजी गई प्रविष्टियों में से एक सर्वश्रेष्ठ डिजाइन का चयन किया जाएगा।

## अजीज़ अंसारी अध्यक्ष बने

इंदौर। इंडियन सोसाइटी आफ आथर्स, नई दिल्ली (रजिस्टर्ड) एक राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था है द्य इंदौर इंसा चैप्टर,विगत् कई दशकों से साहित्य संस्कृति एवं कला को बढ़ावा एवं रचनाकारों को प्रोत्साहन करने हेतु साहित्यिक गतिविधियां आयोजित कर रहा है। विगत् नवंबर 2024 में श्री नन्दलाल भारती, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने इंदौर इंसा चैप्टर,की कार्यकारिणी को भंग कर चुनाव की घोषणा कर दिया था। चुनाव की प्रक्रिया के उपरांत श्री सुरेश चंद्रा,राष्ट्रीय सचिव,इंडियन सोसाइटी आफ आथर्स(इंसा), नई दिल्ली ने अपने परिपत्र दिनांक 5 मई के अनुसार, इंसा इंदौर चैप्टर के अध्यक्ष, अजीज़ अंसारी एवं सचिव,श्री गिरीश पटेल के चयन की घोषणा कर दिया है।

## शंख कैसे बजाया जाता, बताने के साथ दी शंखनाद की जानकारी



इन्दौर। वन बंधु परिषद् द्वारा एकल भवन में अपने तरह का एक अनूठा और अनोखा कार्यक्रम आयोजन कर उसमें सकारात्मक ऊर्जा और संस्कृति के प्रति शंखनाद की जानकारी देने के साथ शंख किस प्रकार बजाया जाता है बताया और सिखाया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हुए। इस दौरान विशेष रूप से आमंत्रित गीता परिवार के सदस्य और प्रसिद्ध संत महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज ने जीवन के विभिन्न कार्यों और लक्ष्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महान बनने के लिए हमें अच्छी संगति की आवश्यकता होती है।

हम जैसे लोगों के साथ रहते हैं, वैसे ही बन जाते हैं। उन्होंने भगवान हनुमान का उदाहरण देते हुए बताया कि अपार शक्ति होने के बावजूद उन्होंने माता सीता की आज्ञा मानी व विनम्र रहकर सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि हमें रोजाना सत्संग, प्रार्थना व आरती में भाग लेना चाहिए।

## स्थापना दिवस पर यौगिक क्रियाओं व योगासनों से योग के महत्व को प्रतिपादित किया




इंदौर। लालबाग पनीरिसर में नियमित नि:शुल्क योग कक्षा संचालित करने वाली संस्था मॉडर्न योगा क्लब ने वार्षिक स्थापना दिवस सभी केंद्रों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष योगगुरू शिवप्रकाश सिंह बघेल के जन्म दिवस पर संस्था के उपकेन्द्रों से पधारे साधक/साधिकाओं ने विभिन्न प्रकार की यौगिक क्रियाओं एवं योगासनों के माध्यम से योग के महत्व को समझाया।

प्रारंभ में सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्थापना दिवस पर संस्कृति एवं मनोरंजन कार्यक्रम के तहत बच्चों द्वारा विभिन्न भाषाओं के गीतों, लोकनृत्य एवं गीत संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों दी गई। जसवीर सिंह होरा के माध्यम से गर्मी में पक्षियों को पानी हेतु सकोरों का नि:शुल्क वितरण किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष असगर भाई फिदवी ने संस्था की नवनिर्मित शाखा बिजलपुर स्थित योगकेंद्र की जानकारी एवं सदस्यों का परिचय दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारणी के समस्त सदस्यों एवं श्री भूपेंद्र सिंह भाटिया, वरिंदरसिंह खुराना, जगजीतसिंह खनूजा, हरबेलसिंह चड्ढा, प्रसाद तीकोटकर आदि का विशेष योगदान रहा। सनावद से पधारे श्री सुधीर जैन ने सपत्नीक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में पहलगाम में दुखदाई आतंकी घटना में मारे गए नागरिकों को दो मिनट मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संचालन जसबीरसिंह होरा ने किया। एंकरिंग श्रीमती विनीता शर्मा ने की। अंत में आभार मंसूर कॉलेज वाला ने माना।

## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देपालपुर का गौरवपूर्ण परीक्षा परिणाम

### छात्राओं ने रचा सफलता का नया इतिहास





देपालपुर (संदीप सेन)।
शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देपालपुर ने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। विद्यालय की छात्राओं ने अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ शानदार परीक्षा परिणाम हासिल किए हैं, जिसने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

कक्षा 12वीं में विद्यालय की 95 प्रतिशत छात्राएं सफल रही हैं, जिनमें से 65 प्रतिशत ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इस कक्षा में कुमारी प्रियंका खलोतीया, पिता श्री राधेश्याम खलोतीया, ने 86.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जिनमें से 65 प्रतिशत छात्राओं को प्रथम श्रेणी प्राप्त हुई।

इस कक्षा में कुमारी रितांशा सोलंकी, पिता श्री रामेश्वर सोलंकी, ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी हैं। इन उत्कृष्ट उपलब्धियों के पीछे विद्यालय के प्राचार्य श्री दीपक जायसवाल और उनकी समर्पित शिक्षक टीम की अथक मेहनत और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

प्राचार्य श्री जायसवाल का कुशल नेतृत्व, सकारात्मक सोच और शैक्षणिक गुणवत्ता के प्रति दृढ़ संकल्प ही है जिसने विद्यालय को निरंतर सफलता की दिशा में अग्रसर किया है। उन्होंने न केवल छात्राओं को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया, बल्कि शिक्षकों को एकजुट कर अनुशासित, प्रगतिशील और सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण की स्थापना भी की।

# बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते लोक अदालत में

### उपभोक्ताओं से की लंबित प्रकरणों का निराकरण कराने की अपील

इंदौर। प्रदेश में 10 मई को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।




#### प्री-लिटिगेशन स्तर पर

कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत?येक छ- माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

#### लिटिगेशन स्तर पर

कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छ- माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

#### लोक अदालत में छूट शर्तों के तहत दी जाएगी

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा।

आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख रुपये तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 10 मई को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी

## भोपाल-लखनऊ वंदे भारत को इंदौर से चलाने की मांग

### रेलवे बोर्ड कर रहा प्रस्ताव पर विचार, जून में हो सकती है प्रीमियम सेवा की शुरुआत

इंदौर। इंदौर से लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। इंदौर के डेली रूटीन यात्री संगठनों ने यह मांग की है। दरअसल, भोपाल और लखनऊ के बीच सप्ताह में छह दिन वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का प्रस्ताव रेलवे के पास विचाराधीन है। कहा जा रहा है कि जून अंत तक यह ट्रेन शुरू हो सकती है।



भोपाल से लखनऊ के लिए विचाराधीन वंदे भारत ट्रेन को ही इंदौर से चलाने की मांग की जा रही है। इस मामले को लेकर सांसद शंकर लालवानी का भी कहना है कि रेलवे बोर्ड को इस सुझाव पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। बता दें कि भोपाल-लखनऊ के बीच लगभग 26 ट्रेनें चलती हैं। इनमें कुछ सुपर फास्ट एक्सप्रेस हैं। इनमें यात्रा का समय 10 से 14 घंटे तक है।

#### इंदौर से लखनऊ के लिए 4 ट्रेन

इंदौर से लखनऊ के बीच केवल चार साप्ताहिक श्रेणी की ट्रेनें उपलब्ध हैं। इनमें सप्ताह में दो दिन महाकाल एक्सप्रेस और इंदौर एक्सप्रेस, वहीं डॉ. अंबेडकर नगर-कामाख्या एक्सप्रेस और इंदौर-पटना एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलती हैं।

इन ट्रेनों में यात्रा का समय 15 से 16 घंटे है। इतनी कम ट्रेनों के कारण इनमें सालभर वेटिंग की समस्या बनी रहती है।

विशेष रूप से त्योहारी सीजन (दिवाली, छठ, और अन्य अवसरों) के दौरान वेटिंग 300 या उससे अधिक तक पहुंच जाती है। ऐसे में भोपाल से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को इंदौर तक बढ़ा दिया जाए, तो इंदौर-भोपाल का यात्रा समय भी कम होगा और इंदौर-लखनऊ के यात्रियों को अतिरिक्त प्रीमियम ट्रेन मिल जाएगी। इस रूट पर 10 से 12 घंटे में यात्रा पूरी हो सकती है।

## संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी का स्वागत

इंदौर। मंगलवार समय 4 से 6 बजे के मध्य इंदौर अभिभाषक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी का स्वागत अभिनंदन का आयोजन अभिनव कला समाज गांधी हॉल में आयोजित किया गया है जिसमें समस्त अभिभाषक गणों से प्रार्थना है कि वह कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं।

निवेदक अभय सिंह परमार सुरेंद्र सिंह गंभीर उर्फ शेरा एवं साथी गण सुरेश चौहान कैलाश टंडन पंकज दुबे राजेंद्र सोनी शंकरलाल जी चौहान गिरधारी राठौड़ दरबार सिंह नायक बिहारी लाल वर्मा राजेंद्र सिंह तोमर राजकुमार कौशल हरीश बंधवाड़े विजय सिंह बैघर राजेश दुबे इकबाल से गंभीर प्रवीण डागा दिनेश हार्डिया रोशन सोनकर जी शैलेंद्र द्विवेदी जी, सौरभ वर्मा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान गंगाशरण दुबे साहब, होगे एवम कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री दिलीप राजपाल सिनियर एडवोकेट द्वारा की जायेगी।

## अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान 13 को



इन्दौर। श्री गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट द्वारा इन्दौर जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अधिवक्ता पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान समारोह मंगलवार, 13 मई को दोपहर 12.00 बजे रीगल तिराहा स्थित इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित किया गया है।


जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल एवं समाजसेवी मदन परमालिया ने बताया कि न्याय क्षेत्र में अभिभाषकों की सेवाएं अस्मरणीय है और आप लोगों के द्वारा इस क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से न्याय से वंचित लोगों को इंसाफ दिलाने में मददगार बनते हैं। ऐसे कार्य करने वाले बार एसोसिएशन के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है।

आयोजन अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल के सदस्य जय हार्डिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघु परमार, एडव्होकेट संतोष यादव के आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

## इस बार बाबा बर्फानी की 7 फीट ऊंची शिवलिंग 3 जुलाई से होगी यात्रा शुरु

### लाखों लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन, सुरक्षा व्यवस्था भी काफी कड़ी

इंदौर। अमरनाथ की गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आई है। इस बार बर्फ का शिवलिंग करीब 7 फीट ऊंचा बना है। इस शिवलिंग के दर्शन के लिए देशभर से लाखों लोग बाबा के दर्शन करने आते हैं। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी जो करीब 38 दिन तक चलेगी।



9 अगस्त को छड़ी मुबारक के साथ रक्षाबंधन के दिन यह यात्रा पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का अमरनाथ यात्रा पर कोई असर नहीं नजर आ है। अब तक पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी ज़्यादा रजिस्ट्रेशन किए गए हैं। 15 अप्रैल से ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड के जरिए करीब 3.50 लाख श्रद्धालुओं ने एडवांस रजिस्ट्रेशन कराया है। श्राइन बोर्ड ने ई-केवॉयसी, आरएफआईडी कार्ड, ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन और दूसरी व्यवस्थाओं को भी बेहतर करने का फैसला लिया गया है, ताकि यात्रा सुरक्षित हो सके। बोर्ड का कहना है इस बार पिछली बार से ज्यादा श्रद्धालु आ यहां आ सकते हैं, इसलिए जम्मू, श्रीनगर, बालटाल, पहलगाम, नुनवान और पंथा चौक पर रुकने और रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था भी की जा रही है।

पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी कर दी गई है। अब टट्टूवाले और स्थानीय सेवादार बेस कैंप में आईडी जांच के साथ रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और यात्रा के सुचारू संचालन के लिए सख्त आईडी वैरफिकेशन प्रोटोकॉल के साथ किया जा रहा है।

## नई बनी सड़क पर डंपर धंसा, ड्रेनेज पाइप लाइन डालने खोदी सड़क का गिट्टी-चूरी डाल कर दिया डामरीकरण

इन्दौर। ड्रेनेज पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क को लापरवाही पूर्वक गिट्टी चूरी भरने के बाद उस पर ही डामरीकरण कर दिया है, जिसके चलते अब सड़क जगह-जगह से धंस रही है और हादसे हो रहे हैं हैं। ऐसे ही एक हादसे में कल रात एक रेती का डंपर सड़क में धंस गया, घटना अंबिकापुरा 60 फीट मेनरोड गौशाला के सामने एक फर्नीचर दुकान के पास की गनीमत रही कि यह रेती का डंपर रात के समय धंसा, जिसके चलते कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। नई बनी सड़क पर धंसने के बाद रेत का यह डंपर एक साइड से पूरा झुक गया, जिसे जेसीबी की सहायता से निकाला गया। आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने बताया कि ड्रेनेज लाइन के लिए खोदी गई इस सड़क को रेत मिट्टी मुरूम से भरकर डामरीकरण कर दिया गया था जिसके चलते इस तरह सड़क धंसने के हादसे होने के साथ सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। आक्रोशित लोगों का कहना है कि प्रशासन भी जागने के लिए शायद बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। जिम्मेदार शिकायतों के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। बता दें कि एयरपोर्ट रोड से लेकर 60 फीट रोड तक करीब छः माह पहले ड्रेनेज पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोदी थी जिसके चलते भी क्षेत्रीय रहवासी परेशान रहे उसके बाद निगम के जिम्मेदारों ने सड़क बनाते समय ध्यान नहीं दिया अब सड़क धंसने के चलते हादसे का शिकार हो हरपल किसी अनहोनी की आशंका में इस पर से गुजरते हैं।



## सिटी लेवल एडवाइजरी फोरम की बैठक आयोजित




इन्दौर। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में स्थानीय स्मार्ट सिटी बोर्ड रूम में इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड की सिटी लेवल एडवाइजरी फोरम (छ्ख्र) की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में कैबिनेट मंत्री द्वारा अधिकारियों को शहर में किए जा रहे विकास कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में महापौर पुष्य मित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक गोलू शुक्ला, सहित जनप्रतिनिधियों, एवं कलेक्टर आशीष सिंह, निगमायुक्त शिवम वर्मा सहित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## जायज मांगो कि अनदेखी करने पर संयुक्त मोर्चे द्वारा क्रमिक भूख हड़ताल




**रतलाम।** संयुक्त मोर्चे के तत्वाधान में वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ एवं वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाई यूनियन द्वारा रनिंग कर्मचारियों के वडोदरा मंडल से वर्किंग विवाद को लेकर 24 मार्च से प्रतिदिन मंडल कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जा रहा था, परन्तु मुख्यालय के अधिकारियो द्वारा जायज मांगो कि अनदेखी करने पर संयुक्त मोर्चे द्वारा 6 मई से क्रमिक भूख हड़ताल मंडल कार्यालय में आयोजित की गई। मंडल मंत्री वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ अभिलाष नागर एवं मंडल मंत्री वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाई यूनियन मनोहर सिंह बरोठ ने बताया कि मुख्यालय मुंबई के तुगलकी मौखिक आदेशों के तहत वड़ोदरा मंडल के लोको पायलट एवं ट्रैन मैनेजर को रतलाम मंडल के उज्जैन, इंदौर एवं बकानीया भौरी तक वर्किंग देने के विरोध में 6 मई से क्रमिक भूख हड़ताल आयोजित कि जा रही है। हड़ताल के पहले दिन मंडल अध्यक्ष डब्ल्यूआरएमएस प्रताप गिरी, सहायक मंडल मंत्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी सहित 12 रनिंग कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे थे और लगभग 100 से ज्यादा रनिंग साथियो ने उपस्थित होकर अपनी जायज मांगो के लिए एकजुटता दिखाई। मंडल मंत्री अभिलाष नागर जी ने बताया कि यदि रतलाम मंडल के रनिंग स्टॉफ के वर्किंग हितो कि अनदेखी जारी रही तो भूख हड़ताल रतलाम मंडल के उज्जैन, चित्तौड़गढ़ एवं महू में भी आयोजित कि जाएगी।

## संत रविदास स्वरोजगार एवं डा. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना संचालित

**रतलाम।** अनुसूचित जाजि वर्ग के युवक-युवतियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु बैक के माध्यम से ऋण प्रदाय करने हेतु शासन द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डा. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना संचालित की गई है। योजना के तहत 18 से 45 वर्ष के युवक-युवतियां जो न्यूनतम कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण हो, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपए से अधिक न हो, बैंक अथवा किसी भी वित्तीय संस्था से आयकरदाता न हो, को 1 लाख से 50 लाख रुपए तक ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज, अनुदान 7 वर्ष तक एवं डा. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत 18 से 55 वर्ष के युवक-युवती जो आयकर दाता न हो को 10 हजार से 1 लाख रुपए तक ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 प्रतिवर्श तक नियमित रुप से ऋण भुगतान पर प्रदाय किया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु जिला अन्त्यवसायी सहकारी विकास समिति मर्या. महलवाडा रतलाम से दूरभाश एवं कार्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

## प्राचीन बावड़ी की सफाई कर जल संरक्षण का दिया संदेश



**रतलाम।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर परिषद नामली, नगर विकास प्रस्फुटन समिति, सेक्टर की नवांकुर संस्था तपस्या वेलफेयर सोसाइटी के साथ नगर की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के संयुक्त तत्वावधान में प्रेरणादायक पहल करते हुए हर्देश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थित सदियों पुरानी प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई एवं संरक्षण कार्य संपन्न किया गया।

अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद नामली की अध्यक्ष श्रीमती अनीता रजनीश परिहार ने कहा कि नगर परिषद जल संरक्षण जैसे पुनीत कार्यों में सदैव सक्रिय भूमिका निभाएगी। जन अभियान परिषद के इस प्रयास की नगर के सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र परिहार ने प्रशंसा की और सभी को संकल्प दिलाया कि इस तरह के प्रयासों को जन-जन तक पहुँचाकर जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जाएगा। इस अवसर पर जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, परामर्शदाता धर्मपाल शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण केवल एक सरकारी या सामाजिक संगठन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। अंत में आभार नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष श्री बंशीलाल कुमावत ने माना।

# रतलाम में कक्षा 10वीं का रिजल्ट 78.84 फिसदी रहा

## उत्कृष्ट स्कूल की भूमिका जिले में फर्स्ट, तीन सब्जेक्ट में 99 नंबर, प्रदेश की मेरिट में कोई स्कूल नहीं आया

फोटो नं. 7-3,4

रतलाम। एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं का रिजल्ट मंगलवार को प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने जारी किया। जिले का परीक्षा परिणाम 78.84 प्रतिशत रहा। इस बार गत वर्ष से 20.84 प्रतिशत रिजल्ट बढ़ा है। पिछले साल 58 प्रतिशत रिजल्ट था। जिले में रिजल्ट का प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन लगातार दूसरी बार रतलाम जिले के स्कूलों के विद्यार्थी प्रदेश के मेरिट सूची में अपना स्थान नहीं बना पाए।

बता दें कि कक्षा 10 की परीक्षा 27 फरवरी से 19 मार्च तक आयोजित हुई थी। परीक्षा में कुल रेग्युलर 13601 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। सुबह रिजल्ट घोषित होने के बाद काफी देर तक माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की साइट ओपन नहीं होने से रिजल्ट देखने में देरी हुई। इससे विद्यार्थियों व स्कूल प्रबंधन को समस्याओं का सामना करना पड़ा। एक-एक स्टूडेंट के रोल नंबर से रिजल्ट जाना।



### यह रहे जिले के मेरिट

कक्षा दसवीं की जिले की मेरिट में प्रथम शासकीय उत्कृष्ट स्कूल रतलाम की छात्रा भूमिका पिता पवेंद्रसिंह रावत आई है। भूमिका ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर 500 में से 490 अंक प्राप्त किए है।

दूसरे नंबर पर जिले के ताल के सरस्वती हाई स्कूल की अनुराधा पाटीदार, बाजना के होली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल की अवनी जोशी, कराडिया के शासकीय हाई स्कूल की राजश्री राजोरा एवं रतलाम के साई श्री एकेडमी के भुवनेश मित्तल ने 488 अंक प्राप्त किए है। तीसरे नंबर पर रतलाम के रामदास पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल की अंबिका धाकड़ ने 485 अंक हासिल किए।

### स्कूल में बजाए ढोल

कक्षा दसवीं में जिलें की मेरिट में उत्कृष्ट स्कूल की छात्रा भूमिका रावत के प्रथम आने पर स्कूल प्रिंसिपल सुभाष कुमावत समेत शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ खुशी जाहिर करते हुए मिठाई खिलाई। स्कूल में ढोल बजा कर पास हुए विद्यार्थियों का सम्मान किया। भूमिका रावत रतलाम से बाहर थी।



### यूपीएससी की तैयारी करेगी भूमिका

जिले की मेरिट में फर्स्ट आई भूमिका रावत रतलाम में नहीं है। चर्चा करते हुए बताया कि इतना सोचा नहीं था कि जिले में फर्स्ट आउंगी। उम्मीद थी कि 95 प्रतिशत अंक आएंगे। इससे ज्यादा 98 प्रतिशत अंक आए है। भूमिका यूपीएससी की तैयारी करना चाहती है। कक्षा 11वीं के लिए अभी सब्जेक्ट के बारे में सोचना नहीं है। भूमिका का कहना है कि सेल्फ स्टडी की है। पापा पवेंद्रसिंह रावत रतलाम जिले में सरकारी मीडिल स्कूल में टीचर है। उन्होंने व स्कूल टीचर्स ने भी पढ़ाई के दौरान गाइडेंस दिया। घर में मां व छोटी बहन गरीमा रावत व भाई पुष्पेंद्रसिंह है। भूमिका के आईटी, हिंदी व अंग्रेजी में 100 में से 99 नंबर आए है।

### 212 में से 213 प्रथम

रतलाम के उत्कृष्ट स्कूल में कक्षा 10वीं में कुल 213 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 212 ने प्रथम श्रेणी में सफलता पाई। 1 विद्यार्थी सेकंड आया है। स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

### 49 में से 48 फर्स्ट

शहर के सांदीपनि विद्यालय विनोबा (सीएम राइज) का कक्षा 10वीं का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल 49 स्टूडेंट में से 48 प्रथम आए। लक्ष्या जैन 95 प्रतिशत अंक हासिल किए।

### गत वर्ष यह था परिणाम

रतलाम जिले का गत वर्ष कक्षा 10वीं का परिणाम 58 प्रतिशत रहा था। इस बारे 20.84 प्रतिशत बढ़ा है। जिले का परीक्षा परिणाम 78.84 प्रतिशत रहा।

# रॉयल कॉलेज के इन्डोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का उद्घाटन मंत्री काश्यप द्वारा किया गया

**रतलाम।** रॉयल कॉलेज के इन्डोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का उदघाटन म.प्र. शासन के केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह के विशेष अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा व समाजसेवी सुशील अजमेरा रहे। समारोह की अध्यक्षता रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमेन प्रमोद गुगालिया ने की।

रॉयल कॉलेज के इन्डोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस, स्नूकर, शतरंज आदि गेम्स के लिये व्यवस्था की गयी है। समारोह को सम्बोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि श्री काश्यप जी ने कहा कि, सम्भवतः रॉयल कॉलेज पूरे जिले का एकमात्र महाविद्यालय है, जहां आउटडोर व इन्डोर खेलने की सुविधायें मुहैया करवाई गई है। विद्यार्थियों के लिये शिक्षा के साथ खेल भी बहुत आवश्यक है, क्योंकि इससे मन व तन दोनों स्वस्थ रहते है।



उन्होनें रॉयल ग्रुप के चेयरमेन को विद्यार्थियों के लिये शिक्षा के साथ साथ खेल, प्रशिक्षण, रोजगार, औद्योगिक भ्रमण आदि अन्य प्रयोजनों के लिये सुविधायें उपलब्ध करवाने के उनके प्रयासों की सराहना की है। उन्होनें कहा कि, विद्यार्थियों के लिये खेल के मैदान और सुविधायें होगी तो, हमारे क्षेत्र से नई प्रतिभाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढने के अवसर भी मिलेगें, निःसंदेह रॉयल कॉलेज के विद्यार्थिगण अब शिक्षा के साथ खेलों में भी नये आयाम स्थापित करेंगे। स्वागत भाषण में रॉयल ग्रुप के चेयरमेन श्री प्रमोद गुगालिया ने कहा कि, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये शिक्षा के साथ संस्कारों और स्वास्थ्य की अनिवार्यता बहुत जरूरी है, तभी शिक्षा की सम्पूर्ण सार्थकता सिद्ध होगी।

श्री गुगालिया ने वर्ष 1996 से संचालित रॉयल कॉलेज में विद्यार्थियों के लिये अब तक क्रिकेट, हॉकी, फुटबाल, बास्केटबाल, वालीबाल आदि खेलों के मैदान उपलब्ध करवाए है, लेकिन अब विद्यार्थी इन्डोर गेम्स में अपने भविष्य का निर्धारण कर सकते है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रदीप उपाध्याय ने अपने उदबोधन में कहा कि, रॉयल कॉलेज द्वारा, उनके यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये सभी मूलभूत सुविधायें प्रदान की जा रही है। अच्छे शिक्षण संस्थान अपने विद्यार्थियों के लिये सभी संसाधन उपलब्ध करवाते है, जिससे विद्यार्थियों का भविष्य सुनिश्चित होता है। समारोह में आभार रॉयल ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. उबेद अफज़ल ने माना। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत फार्मेसी प्राचार्य डॉ. मनीष सोनी, मेनेजमेंट प्राचार्य डॉ. प्रवीण मंत्री, शिक्षा प्राचार्य डॉ. आर.के. अरोरा, नर्सिंग प्राचार्य प्रो. जगदीश डूके, साईस विभागाध्यक्ष प्रो. दीपिका कुमावत, लाईफ साईंस विभागाध्यक्ष प्रो. कपिल केरोल, प्रशासक दिनेश राजपुरोहित, प्रो. गजराज सिंह राठोर, डॉ. कल्पना पाटीदार, डॉ. धर्मेन्द्र मकवाना, प्रो. समीक्षा मेहरा, प्रो. गजराज सिंह राठोर, प्रो. अल्का उपाध्याय, प्रो. अपूर्वा जोशी, प्रो. शगुफ्ता खान, प्रो. नुजहत कुरेशी, प्रो. इलिजा सिमोन, प्रो. ज्योत्सना सिंह, प्रो. सुधा परिहार व प्रो. सुमित गेहलोत, प्रो. पंकज चौहान आदि ने किया।



## खेलो बढ़ो अभियान से जुड़कर नवोदित खिलाड़ी बना सकते हैं अपना करियर

### म.प्र. शासन की खेलो बड़ों योजना का छात्र-छात्राएं उठाएं लाभ

**रतलाम।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो बड़ो अभियान योजना का क्रियान्वयन 4 चरणों में किया जा रहा है। जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक विकास नेतृत्व क्षमता विकास कार्यकम में संचालित बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू विद्यार्थियों व स्कूली एवं कॉलेज छात्र-छात्राओं के अभिभावक को खेलों के महत्व बताते हुए जागरूक करने का कार्यक्रम जिला खेल अधिकारी रुचि शर्मा के निर्देशन तथा मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के श्री रत्नेश विजयवर्गीय व श्री शेलेन्द्रसिह सोलंकी के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया। मलखंभ प्रशिक्षक जितेन्द्र धुलिया व विकासखंड आलोट के युवा समन्वयक श्री दुर्गाशंकर मोयल ने छात्र-छात्राओं को खेलो बड़ों योजना के बारे में बताते हुए अभिभावकों को जानकारी प्रदान की और योजना से जोड़कर अच्छा खिलाड़ी बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बताया कि अकादमी स्टेडियम पर सर्वसुविधायुक्त खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा स्टेडियम पर एथलेटिक्स, कुश्ती, मलखम्ब, हाकी कोचो द्वारा पूरे साल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा इस योजना का लाभ सभी स्कूली छात्र छात्राएं उठाएं और खेलों में अपना करियर बनाएं। यह कार्यक्रम युवा केंद्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

# नेशनल लोक अदालत हेतु प्रचार प्रसार वाहन रवाना

**रतलाम।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष सुश्री नीना आशापुरे के मार्गदर्शन में 10 मई को जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नीरज पवैया ने बताया कि उक्त लोक अदालत में लंबित समझौता योग्य सिविल, आपराधिक, श्रम न्यायालय, उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, बैंक के ऋण वसूली प्रकरण, बीएसएनएल, सम्पत्ति कर, जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु खण्डपीठें जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर पृथक-पृथक से गठित की जाएगी। मंगलवार को प्रधान जिला न्यायाधीश सुश्री नीना आशापुरे के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर से लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करेंगे। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण, नीरज पवैया सचिव डालसा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सहित अधिवक्तागण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्राधिकरण के कर्मचारी तथा पैरालीगल वालेंटियर्स वालेंटिर्य उपस्थित थे। नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिलें के विभिन्न स्थानों पर बैनर लगवाये गए है। प्रचार वाहनों के माध्यम से प्रसारित जिंगल तथा विधिक साक्षरता शिविरों के आयोजन तथा पैरालीगल वालेंटियर के द्वारा आमजन तक पंहुच बनाकर उन्हें लोक अदालत आयोजन की व्यापक जानकारी दी जा रही है। उक्त लोक अदालत में विभिन्न विभागों जैसे एम.पी.ई.बी. विभाग, नगर पालिक निगम, बैंकों के मामलों इत्यादि में विभिन्न प्रकार के शुल्कों में छूट प्रदान की जा रही है। जिसके लिये संबंधित विभाग से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समझौता योग्य प्रकरण तथा (वाद पूर्व) प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु प्रस्तुत किए जा रहे है। लोक अदालत के माध्यम से मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा, धारा 138 एनआईएक्ट, पारिवारिक मामले, समझौता योग्य ऑपराधिक एवं सिविल मामलों का निराकरण कराया जा सकता है।

## रिटायर्ड हेड कॉन्स्टेबल को टक्कर मारकर भागा बाइक सवार, इलाज के दौरान मौत

**रतलाम।** रिटायर्ड हेड कॉन्स्टेबल भूपेंद्रसिंह (65) की सोमवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। वे अपनी पत्नी के साथ बाइक से पैतृक गांव बड़ौदा (पिपलौदा) जा रहे थे, तभी सैलाना के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में भूपेंद्रसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जबकि उनकी पत्नी बेबी कुंवर (59) को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के मुताबिक, हादसा सोमवार दोपहर को हुआ। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सैलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने भूपेंद्रसिंह को गंभीर हालत में रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया। इलाज के दौरान रात में उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद टक्कर मारने वाला बाइक सवार अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर सैलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लावारिस हालत में पड़ी बाइक को जब्त कर लिया। पुलिस अब बाइक नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है। मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

# रतलाम में कक्षा 12वीं का रिजल्ट 79.62 फीसदी रहा : दो छात्राएं प्रदेश की मेरिट लिस्ट में, गणित में 100 में से 100 नंबर मिले

**रतलाम।** एमपी बोर्ड का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम आज (मंगलवार) सुबह 10 बजे ष्टरू मोहन यादव ने घोषित किया। जिले में कक्षा 12 का परिणाम 79.62 प्रतिशत रहा। पिछले वर्ष के मुकाबले परिणाम 10.62 बढ़ा है। रतलाम की छात्राओं ने एमपी मेरिट में भी स्थान सातवां व 9वां स्थान पाया।

बता दें कि कक्षा 12 की परीक्षा 25 फरवरी से 25 मार्च तक आयोजित की गई थी। परीक्षा में कुल 8238 स्टूडेंट शामिल हुए थे। सुबह रिजल्ट जारी होने के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की साइड खुलने में काफी समय लगा।

शहर के थावरिया बाजार स्थित संत मीरा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा मुस्कान पिता लक्ष्मीनारायण जायसवाल ने कक्षा 12वीं में कॉमर्स मेथ्स सब्जेक्ट से 96.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान हासिल किया। 500 में से 484 अंक हासिल किए हैं। मुस्कान के पिता मंडी में अनाज व्यापारी हैं। बेटी के प्रदेश के मेरिट में आने पर स्कूल में मुस्कान के साथ मां व पिता भी मौजूद रहे। मां संध्या जायसवाल के आंखों में खुशी के आंसू आ गए।



### गणित में 100 में से 100 नंबर

प्रदेश के मेरिट लिस्ट में सातवें स्थान पर आने वाली छात्रा मुस्कान के गणित में 100 में से 100 नंबर आए हैं। मुस्कान कक्षा 10वीं में भी जिले की मेरिट में सेकेंड नंबर पर आई थी। 97 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। मुस्कान ने बताया कि वह डेली 8 घंटे पढ़ाई करती थी।

एग्जाम के समय जल्दी उठकर पढ़ाई की। पढ़ाई को लेकर टीचरों ने काफी सहयोग किया। मुस्कान का कहना है कि मन लगाकर व शांति से पढ़ाई करना चाहिए। इधर-उधर की बुक ना देखते हुए एनसीआरटी की बुक को महत्व देना चाहिए। घर में माता-पिता का कहना मानना चाहिए। मुस्कान सीए बनना चाहती है।





### इंस्टाग्राम व वॉट्सऐप से दूरी

शहर के गांधी नगर स्थित सेंट स्टीफन हायर सेकेंडरी स्कूल की नेहा पिता जोधराव मालव ने 95 प्रतिशत अंक हासिल क प्रदेश के मेरिट में 9वां स्थान पाया। नेहा के 500 में से 475 अंक आए हैं। नेहा ने बताया कि सेल्फ स्टडी की है।

फेसबुक, वॉट्सऐप व इंस्टाग्राम से दूरी बना कर रखी। टीचर जो गाइडेंस देते हुए गए उसको फॉलो किया। नेहा का कहना है कि बुक्स को अच्छे से रीड करना चाहिए। नेहा के पिता जोधराव मालव रेलवे डीजलशेड में हैं। मां वैदही मालव है। नेहा का कहना है कि उसे डॉक्टर बनना है।

### पिछली बार से सुधरा रिजल्ट

कक्षा 12वीं का रिजल्ट पिछली बार से सुधरा है। गत कक्षा 12वीं का परिणाम रतलाम जिले में 68 प्रतिशत रहा। इस बार 79.62 प्रतिशत रहा है। 10.62 प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि शहर व जिले के बड़े शासकीय स्कूल के विद्यार्थी प्रदेश की टॉप टेन मेरिट में स्थान नहीं बना पाए हैं।

### फेल विद्यार्थी भी निराश ना हो

इस बार एमपी बोर्ड ने फैसला लिया है कि अगर स्टूडेंट मेन एग्जाम में फेल होते हैं, तो जुलाई में दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। यह फैसला नई शिक्षा नीति-2020 (ह्श्वक्क2020) के तहत लिया है। इस नए फैसले से उन विद्यार्थियों को राहत मिलेगी, जिन्हें एक या अधिक विषयों में फेल होने पर पूरे साल इंतजार करना पड़ता था। इससे उन्हें बेहतर अवसर मिलेगा और उनका साल भी खराब नहीं होगा।

# जनसुनवाई में आए 65 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**रतलाम।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई में अपर कलेक्टर डा. शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 65 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में पंचवटी पी.एम आवास के रहवासियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत नगर निगम द्वारा ग्राम बंजली में 224 फ्लेट जिनमें ए, बी तथा सी तीन ब्लाक बनाए गए तथा पंचवटी पी.एम. आवास रहवासी कल्याण समिति बनाई जाकर अध्यक्ष भी मनोनीत किया गया। ए-सी ब्लाक के 140 फ्लेट थे जिसमें से 500 रुपए प्रति फ्लेट समिति द्वारा रजिस्ट्रशन के तौर पर लिए गए थे। 140 फ्लेट धारकों में से 115 फ्लेट धारकों ने 500 रुपए दिए। मई 2024 में समिति का रजिस्ट्रशन होना था परन्तु आज दिनांक तक समिति का रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया गया है, जबकि समिति अध्यक्ष द्वारा नवम्बर 2024 से 300 रुपए मेंटेनेंस शुल्क लिया जा रहा है जबकि फ्लेटों का रखरखाव नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। समिति द्वारा रखरखाव हेतु एक वर्कर रखा गया जिसके लिए 15 रुपए प्रति घर से मेहनताना तय किया गया था, अध्यक्ष द्वारा मनमानी करते हुए 2100 रुपए प्रति महीना फिक्स कर दिया गया। जब समिति सदस्यों ने इसका विरोध किया तो अध्यक्ष ने अपना इस्तीफा वाट्सएप पर भेज दिया। अध्यक्ष ने खुद अपना फ्लेट किराये पर दे रखा है। निवेदन है कि उक्त समिति भंग की जाकर नई समिति का गठन किया जाए और उक्त समिति के पास रहवासियों की जो राशि जमा है उसे लौटाया जाए। सैलाना तहसील के ग्राम बडीकला निवासी हमीरसिंह निनामा ने आवेदन में बताया कि प्रार्थी की कृषि भूमि गांव में ही स्थित है तथा प्रार्थी दिव्यांग है। प्रार्थी की भूमि पर तीन छायादार पेड़ लगे हुए हैं जिसके नीचे ग्रामवासी अपने जानवरों को बांध देते हैं। उक्त जानवरों द्वारा खेत में लगी फसल खा ली जाती है और पूरे खेत की फसल नष्ट हो जाती है। कृपया मुझे उक्त पेड काटने की अनुमति दी जाए। ग्राम वीरपुरा (जावरा) निवासी पुश्पा धाकड ने जनसुनवाई में बताया कि प्रार्थिया के आधार कार्ड में नाम परिवर्तन कर पुश्पा बग्गड करवाना है परन्तु ई-केवायसी के स्थान डिलिंक में चली गई है। इस कारण प्रार्थिया को वेतन नहीं मिल पा रहा है। कृपया डिलिंक निरस्त करवाया जाकर ई-केवायसी करवाएं ताकि प्रार्थिया को वेतन प्राप्त हो सके। ग्राम पुन्याखेडी निवासियों द्वारा संयुक्त रुप से दिए गए आवेदन में बताया गया कि ग्राम पंचायत में विद्युत ट्रांसफार्मर कटआफ हुए लगभग तीन माह हो चुके हैं जिसके कारण ट्यूबवेल से पानी निकलना संभव नहीं है जिससे मवेशियों एवं ग्रामवासियों को पानी की समस्या से गुजरना पड रहा है। एमपीईबी ग्रीड पर भी इस सम्बन्ध में कई बार शिकायत की गई किन्तु सुनवाई नहीं की जा रही है। समस्या का त्वरित निराकरण करवाया जाए।

# छात्राओं के वीडियो मामलें में दिल्ली जाएगी पुलिस

## छात्रा से की जा रही पूछताछ, किसी रैकेट की संभावना



**जबलपुर, (ईएमएस)।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन और विनिर्माण संस्थान (ट्रिपल आईटीडीएम) के गर्ल्स हॉस्टल के बाथरुम में नहाते वक्त छात्राओं के वीडियो बनाने के मामलें में पुलिस कड़ी छानबीन कर रही हैं7 ऐसा कहा जा रहा है कि छात्रा दिल्ली में बैठे अपने बॉयफ्रेंड के कहने पर इस तरह के वीडियो शूट करके अपने बॉयफ्रेंड को भेजती थी, जिससे यह शंका जताई जा रही है कि यह छात्रा और उसका बॉयफ्रेंड अश्लील वीडियो बनाने वालें किसी गिरोह से जुड़ा हो सकता है। लिहाजा पुलिस हर ऐंगल से जांच कर रही है और छात्रा के बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार करने दिल्ली भी जा रही है। बताया गया है कि वीडियो बनाते हुए पकड़ी गई छात्रा अपने मोबाइल से सीनियर छात्राओं का नहाते समय वीडियो बनाती थी। बीटेक करने वाली यह छात्रा पिछ्ले दो साल से छात्रावास में रहने वाली सीनियन छात्राओं की वीडियो बना रही थी। जिसे एक छात्रा ने पकड़ा और उसके बाद प्रबंधन मामलें को दबाने में लगा रहा, लेकिन ट्रिपल आईटीडीएम के छात्र छात्राओं ने डुमना पुलिस चौकी का घेराव किया और अखिल भारतीय परिषद ने ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन किया। उसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की।

# झाड़ियों में पड़ा मिला 3 महीने का भ्रूण, गर्भपात के बाद भ्रूण को फेंकने का संदेह

**भोपाल।** शहर के शाहपुरा थाना इलाके में थाने से थोड़ी दूरी पर ही स्थित रघुनाथ नगर में झाड़ियों में भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। अविकसित भ्रूण लगभग 3 महीने का बताया जा रहा है। फिलहाल इसे फेंकने वाले का सुराग पुलिस को नहीं मिला है, जिसके लिये टीम घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रही हैं। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भ्रूण पड़े होने की सूचना रायसेन निवासी एक व्यक्ति ने दी थी। उसने थाने आकर बताया की लौटते समय उसने झाड़ियों में भ्रूण देखा और पुलिस को सूचना दी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस आसपास के अस्पतालों में हाल ही में भर्ती हुई गर्भवती महिलाओं की जानकारी जुटा रही है। साथ ही आस-पास वाले रास्तों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# बारात की खुशियां पल भर में मातम में बदली

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना इलाके में बारात की खुशियां पल भर में ही मातम में बदल गई। बताया गया है कि डांस करते बारातियो के पीछे-पीछे स्लो स्पीड से चल रही स्कॉर्पियो अचानक फूल स्पीड में दौड़ी और नाच रहे बारातियों के बीच घुस गई। जब तक चालक उस पर नियत्रंण कर पाता तब तक स्कॉर्पियों ने महिला समेत तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया था। बाद में तीनों घायल हो इलाज के लिये अस्पताल पहुचांया गया जहॉ इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुरजी बाई (60) पति सरवन निवासी ग्राम नाप्लाखेड़ी, मंडी सीहोर रविवार की रात अपने भांजे ओमप्रकाश नाथ की बारात के साथ राजीव नगर टपरा में आई थीं। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे बारात लगाई जा रही थी। सुरजी बाई भी अन्य बारातियों के साथ बारात में शामिल थीं, थोड़ी देर बाद अन्य रिश्तेदारों के साथ वे भी बारात में डांस करने लगीं।

# शाबाश नीमच , रंग लाई कलेक्टर , शिक्षकों व विद्यार्थियों की मेहनत

**नीमच ( सुभाष व्यास)।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित दसवीं तथा 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में नीमच ने अपना बेहतर परचम फहराते हुए जिले के भाल पर गौरव तिलक लगा दिया।




इसका श्रेय विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों की शैक्षणिक मेहनत तो है ही परंतु इस उपलब्धि में प्रशासनिक योगदान भी सराहनीय है। कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में नीमच जिले ने 86.3 फीसदी सफलता व दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 87.29 फ़ीसदी सफलता का आंकड़ा छूकर दूसरा पायदान हासिल कर अपनी शैक्षणिक योग्यता का लोहा मनवाया है। इस सफलता में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा का विशेष योगदान उल्लेखनीय माना जाएगा। क्योंकि कलेक्टर श्री चंद्रा ने विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य पर ध्यान केंद्रित कर स्कूलों में नियमित मासिक बैठक आयोजित कर शिक्षा के स्तर का संज्ञान लेना, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता को निखारने के लिए सेमिनार, परामर्श सत्र आयोजित करना आदि प्रकल्प के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता को ऊंचाइयां देने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

यही वजह है कि कलेक्टर के इस महत्वपूर्ण योगदान व विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों की मेहनत ने जिले के भाल पर गौरव तिलक लगाने का कमाल कर दिखाया है। कलेक्टर श्री चंद्रा ने परिणाम के बाद विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस सफलता में समर्पित विद्यार्थियों, शिक्षकों की निष्ठा को बधाई प्रेषित की है।

# अन्नपूर्णा सेवा न्यास ने 11 जोड़ों के हाथ की पीले



**नीमच।** अन्नपूर्णा सेवा न्यास के तत्वावधान में आज सोमवार को सनातन सामाजिक समरसता के आयोजन में एक ही पंडाल के नीचे सर्व वर्ग के 11 जोड़ों ने सात फेरे लेकर दाम्पत्य जीवन अपनाया। विवाह संस्कार के पूर्व शहर में वर-वधू की बिंदोली शोभायात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह सामाजिक संगठनों और संस्थाओं ने स्वागत किया। सामाजिक संस्था अन्नपूर्णा सेवा न्यास ने सनातन सर्व वर्ग के निर्धन परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराने का संकल्प लिया था। इसी संकल्प के अंतर्गत आज वात्सल्य भवन में सनातन समाजिक समरसता सर्व वर्ग निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें निर्धन परिवारों की 11 बेटियों का विवाह संस्कार संपन्न हुआ। इस दौरान उपस्थित आशीर्वाददाता साध्वी सत्य सिद्धा गिरी जी, महामंडलेश्वर सुरेशानंद जी शास्त्री, संत डॉ. मिथिलेश जी नागर, विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा, जिला पंचायत सदस्य तरूण बाहेती आदि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नव युगल जोड़ों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि निर्धन कन्याओं का विवाह करना बड़ा ही पुण्य का कार्य है। इसके लिए अन्नपूर्णा संयोजक राकेश पप्पू जैन और उनकी टीम साधुवाद की पात्र है। कार्यक्रम के पूर्व अन्नपूर्णा सेवा न्यास के संयोजक श्री जैन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि मन एक विचार आया था, जो आज सार्थक हो गया।

इसमें सभी का सहयोग सराहनीय है। विवाह सम्मेलन के समापन पर आर्शीवाद दाताओं ने नव विवाहित जोड़ों को विवाह के प्रमाण-पत्र प्रदान किए। अध्यक्ष श्रीराम गोडबोले, सचिव प्रकाश मंडवारिया, विवाह सम्मेलन के प्रभारी अजय भटनागर, व्यवस्थापक पारस सगरावत, सह प्रभारी छाया वीरेंद्र जायसवाल, राधावल्लभ मंडोवरा, रमेश कदम सहित बड़ी संख्या में अन्नपूर्णा सेवा न्यास व सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के सदस्य मौजूद थे।

## बुरी आदतों को दृढ़ संकल्प के साथ छोड़ा जा सकता है - मुनि श्री प्रमाण सागर

**भोपाल ।** साधुओं की सेवा करने बालों के भव भव के कष्ट दूर हो जाते है,इसलिये शास्त्रों में प्रतिदिन वैयावृत्ति करने का उल्लेख है उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने सांयकालीन शंकासमाधान के अवसर पर व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि वैयावृत्ति एक सेवा रुपी कर्म है इसे सभी लोगों को तत्परता से करना चाहिये, लेकिन इसमें विवेक का ध्यान रखना चाहिये उसमें किसी प्रकार का अतिरेक नहीं होंना चाहिये। मुनि श्री नेबुरी आदतों और बुरे कार्यो के प्रति बहूत जल्द आकृषित हो जाते है का उत्तर देते हुये कहा कि बुरी संगत से बुरीआदतें आ जाती है,तो उनसे बचने के लिये मजबूत दृढ़ संकल्प तथा उस संकल्प के प्रति हमेशा सजग रहें उसे किसी भी प्रकार से टूटने न दें यदि टूटता है तो उसका प्रतिक्रमण करें और अपने आपको आत्म सुझाव दें तथाअपनी समीक्षा करें एवं उसकी पुनरावृत्ति से बचने का प्रयास करें। मुनि श्री ने कहा कि टैक्नोलॉजी का यदि हम सही सही उपयोग करेंगे तो उससे भी हम धर्म की प्रभावना कर सकते है, तथा अपने जीवन में परिवर्तन ला सकते है। प्रातःकालीन प्रवचन सभा में मुनि श्री संधान सागर महाराज ने कहा किविद्वान वह नहीं जो हर प्रश्न का उत्तर दे विद्वान तो वह है,जो हर प्रश्न को निरुत्तर कर दे उन्होंने कहा कि पूज्य महाराज श्री द्वारा प्रतिदिन अ अक्षर से दिल को छूने बाले प्रवचन तथा उन बुराइयों तथा नकारात्मकता का समाधान भावनायोग के माध्यम से दिया जा रहा है मुनि श्री के अ शव्द से शुरू 20 प्रवचनों की श्रंखला में 18 प्रवचन हो चुके है ।

# लोकमाता अहिल्याबाई कौशल विकास केंद्र संचालित



**मनासा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रकल्प सेवा भारती मनासा द्वारा घाटी मोहल्ला स्थित बाल मंदिर में समाज के सहयोग से लोकमाता अहिल्याबाई कौशल विकास केंद्र संचालित किया जा रहा है।

यहां प्रारंभिक रूप से सिलाई, मेंहदी एवं पार्लर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज की ऐसी बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रशिक्षित करना है जो अभाव के कारण प्रशिक्षण नहीं ले पाती है, इस केंद्र पर पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। 01 फरवरी 2025 से केंद्र प्रारंभ किया गया वर्तमान में 02 पाली में लगभग 140 बालिकाएं/महिलाएं प्रशिक्षण ले रही है। किसी की जानकारी में ऐसी बालिका/महिला जो निर्धन/विकलांग/निराश्रित या सेवा बस्ती में निवासरत हो, तो उनका प्रवेश केंद्र में करा सकते है।

# सांदीपनि विद्यालय मनासा ने दर्ज किया कीर्तिमान

**नीमच।** जिले के सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय मनासा ने कक्षा 12वीं व 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में बाजी मारते हुए यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों ने शत – प्रतिशत सफलता प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए विद्यालय को गोरवान्वित किया है।



यह सफलता विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। परीक्षा परिणाम के बारे में प्राचार्य बी एल बसेर ने बताया कि कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के 95 छात्र सम्मिलित हुए थे जिसमें से 90 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व तीन विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस तरह दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 108 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिनमें से 105 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की व दो विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 12वीं का परीक्षा परिणाम भी 99त्न रहा।

# गुजरात ने मुंबई को 3 विकेट से हराया

**IPL के 56वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस (GT) को एक ओवर में 15 रन का टारगेट दिया गया है। गुजरात ने 18.5 ओवर में 7 विकेट पर 146 रन बना लिए हैं। राहुल तेवतिया क्रीज पर हैं।**

दीपक चाहर ने जेराल्ड कूट्जी को कैच आउट कराया। वानखेड़े स्टेडियम में बारिश के कारण दो बार खेल रोकना पड़ा है, इस कारण गुजरात को संशोधित टारगेट मिला है। टॉस हारकर बैटिंग कर रही मुंबई ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए थे। मैच का पूरा स्कोरबोर्ड

मुंबई इंडियंसः हार्दिक पंड्या (कप्तान), रायन रिकेलटन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, विल जैक्स, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, नमन धीर, कॉर्बिन बॉश, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह। इम्पैक्ट ऑप्शंस- कर्ण शर्मा।

गुजरात टाइटंसः शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर, शाहरुख खान, अरशद खान, राहुल तेवतिया, साई किशोर, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, जेराल्ड कूट्जी, प्रसिद्ध कृष्णा। इम्पैक्ट ऑप्शंस- शेरफेन रदरफोर्ड।

बारिश के कारण दो बार रोके गए मुकाबले में गुजरात को 6 बॉल पर 15 रन का टारगेट दिया गया है। बारिश के कारण खेल रोका गया है। फिलहाल, गुजरात को 12 बॉल पर 24 रनों की जरूरत है। लेकिन, टीम डकवर्थ लुईस मैथड के तहत 5 रन से पीछे है।

गुजरात का छठा विकेट गिरा, राशिद खान आउट

18वें ओवर में गुजरात ने छठा विकेट गंवा दिया है। यहां राशिद खान 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अश्विनी कुमार ने LBW कर दिया। अश्विनी ने जोस बटलर को भी आउट किया। 14वें ओवर में गुजरात ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। शेरफेन रदरफोर्ड ने अश्विनी कुमार के ओवर की चौथी बॉल पर छक्का लगाते हुए स्कोर 100 पार पहुंचाया। 12वें ओवर में गुजरात ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां जोस बटलर 30 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अश्विनी कुमार ने विकेटकीपर रायन रिकेलटन के हाथों कैच कराया।





## मनाली में आयोजित हुया होलकर कालेज का साहसिक शिविर

इंदौर। शा. होलकर विज्ञान महाविद्यालय का पांच दिवसीय राष्ट्रीय साहसिक शिविर मनाली में आयोजित किया गया, यह शिविर भारत स्काउट एंड गाईड के केन्द्र मनाली में सम्पन्न हुआ। इस पांच दिवसीय शिविर में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न साहसिक गतिविधियां जैसे जिप लाईन, रेप्लिंग, माउंटेन, क्लाम्बिंक, वैली क्रोसिंग, रायफल शूटिंग, आर्चरी, ट्रेकिंग आदि गतिविधियों का सफल परीक्षण लिया। प्रतिदिन प्रशिक्षण के साथ-साथ छात्र-छात्राओं ने मनाली के प्राकृतिक सौंदर्य ट्रेकिंग में भाग इस कठिर एडवेंचर शिविर के दिनचर्या के साथ-साथ संध्याकालीन गतिविधि कैम्प फायर में भी छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी शिविर के अंतिम दिवस पर भारत स्काउट एंड गाईड के द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र कॉलेज को सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 44 विद्यार्थियों ने भाग लिया । शिविर का संम्पूर्ण मार्गदर्शन प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्पोर्टस् डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ अनुपम शर्मा ने किया, प्राध्यापक रुपाली प्रजापति, आशीष यादव ने विशेष सहयोग किया ।

**एम पी स्पोर्ट्स केयर के पदाधिकारियों का हुआ चयन**

## कोठारी बने अध्यक्ष, नीमा सचिव





इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा जो कि ? 25 लाख की इनामी राशि वाली स्पर्धा है का आयोजन दिनांक 26 मई से 12 जून के मध्य किया जा रहा है। एम.पी. स्पोर्ट्स केयर एवं एम.बी. खालसा एजुकेशनल सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस स्पर्धा की आयोजन समिति का गठन किया गया है। इस स्पर्धा के संरक्षक द्वय विधायक रमेश मेंदोला एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मार्गदर्शन में समिति के पदाधिकारी का मनोनयन निम्नानुसार हुआ है। **अध्यक्ष स्वप्निल कोठारी**-उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रितपाल सिंह भाटिया, जितेंद्र भंडिया, सचिव निलेश नीमा, सहसचिव मनीष जैन, श्री मुकेश प्रजापत, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मनदीप सिंह टुटेजा, नियुक्त किए गए हैं।, आयोजन समिति की सलाहकार समिति निम्नानुसार है- अनिल धूपर, संजय लुणावत, सुमित मिश्रा, हृदयेश दीक्षित, भारत रघुवंशी, राजेश मेहता, अवधेश दवे,विवेक गोयल ,सुधांशु द्विवेदी, भागीरथ राठौर गोपाल मारवाल नियुक्त किए गए हैं।आयोजन समिति की कार्यकारिणी निम्नानुसार है-चरणजीत सिंह सैनी,जसवंत सिंह छाबड़ा , हरप्रीत सिंह सूदन, राजेश सेठी, मुकेश पंचोलिया, सतीश तलरेजा, अतुल आर्य ,संजय बज ,यस ग्रुप नियुक्त किए गए हैं।

**आइडियल एकेडमी डिस्ट्रिक्ट मेरिट में तीसरे स्थान पर रहा**

## आइडियल एकेडमी के होनहार विद्यार्थियों ने फिर लहराया सफलता

**इन्दौर। मंगलवार सुबह माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के परिणाम घोषित होते ही नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय आइडियल एकेडमी के प्रांगण में उमंग, उत्साह व उल्लास स्वतः बिखरने लगा। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। दोनों ही कक्षाओं में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से विद्यालय ने अपने नाम को चरितार्थ किया। कक्षा 12वीं के परिणाम ने विद्यालय प्रांगण में सफलता की खुशी को महोत्सव में बदल दिया।**

विद्यालय की मेधावी छात्रा वंशिका पाटीदार ने 94.8 प्रतिशत (474/500 अंक) प्राप्त कर डिस्ट्रिक्ट मेरिट में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए अभिभावकों एवं समस्त शिक्षकों का मान बढ़ाया वंशिका के पिताजी पेशे से अकाउंटेंड एवं माताजी गृहणी है उनके दादाजी किसान है एवं वहीं वंशिका के प्रेरणा स्त्रोत है वंशिका भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है। इसके अतिरिक्त प्रियांशी साहू 93.6 प्रतिशत, आकांक्षा देवी 93.00 प्रतिशत एवं अंशिका पाठक 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की सफलता में चार चाँद लगा दिये। कक्षा 12वीं में 28 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त किये एव 94 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त विद्यालय के परीक्षा परिणाम को सुसज्जित किया। परीक्षा परिणाम के पश्चात् अभिभावकों को भी बेहद प्रसन्नता हुई। इसी श्रृंखला में कक्षा 10वीं के आयुष विश्वकर्मा 95.6 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे। कु. प्रेरणा ठाकुर 93.8 प्रतिशत, अक्षर अवस्थी 93.6 प्रतिशत, दिपाली सितोले 92.00 प्रतिशत, अर्चिता सिंह 91.2 प्रतिशत, प्रियांशी अवस्थी 90.6 प्रतिशत, सलोनी यादव 90.4 प्रतिशत प्राप्त कर अभिभावकों एवं समस्त शिक्षकों का मान बढ़ाया साथ ही कक्षा 10वीं के 27 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। 90 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अपना नाम दर्ज करवाया। उक्त जानकारी प्रदत्त कराते हुए संस्था के प्राचार्य एवं संचालक श्री अवधेश कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन व संस्था के शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर बधाई दी। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में प्रेरणा स्त्रोत तो कई हो सकते हैं, किन्तु प्रेरणा के साथ ही साथ सही दिशा देने का पुनित कार्य केवल शिक्षक ही कर सकते हैं। करियर के लिए आपके पास अनंत संभावनाएँ हैं, किन्तु सही वक्त पर किये गए सही निर्णय विद्यार्थियों को नयी ऊँचाईयों पर ले जाएगी। उन्होंने इस अभुतपूर्व सफलता के लिये सभी शिक्षक साथियों व अभिभावकों को हार्दिक बधाई प्रेषित की। विद्यार्थियों ने भी अपने सभी शिक्षकों का आशीष लेकर आगामी जीवन में बेहतर प्रदर्शन हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर संस्था के एकेडमिक हेड श्री मुनेश बरूआ, ऑफिस हेड श्रीआईडियल मुखकोईमी परीक्षा प्रमुख श्रीमती रिंकु यादव भी उपस्थित थी।

## दिल्ली कैपिटल्स के प्लेऑफ की राह भी कठिन हुई

**नई दिल्ली ।** गुजरात टाइटंस16 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है पर इसके बाद भी ने अभी तक आधिकारिक रूप से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं किया है। अभी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) दूसरे पायदान पर हैं। उसके 16 अंक हैं। पंजाब किंग्स के 15 मुंबई इंडियंस (एमआई) के 14 अंक हैं। सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बची हुए मैच के बारिश के कारण रद्द होने से जहां सनराइजर्स बाहर हो गयी है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स का भी प्लेऑफ का सफर कठिन हो गया है। मैच के रद्द होने से दोनों टीमों के बीच एक-एक बांटा गया।

### आईपीएल अंक तालिका इस प्रकार है

| नंबर | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 0 | 16 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 0 | 16 |
| 3. | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 1 | 15 |
| 4. | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 |
| 6. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 5 | 5 | 1 | 11 |
| 7. | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 0 | 10 |
| 8. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 1 | 7 |
| 9. | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 0 | 6 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 2 | 9 | 0 | 4 |

### छक्के मारने में अव्वल रही राजस्थान रॉयल्स

**नई दिल्ली ।**आईपीएल के इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है पर अभी तक सबसे अधिक छक्के मारने के मामले में वह पहले नंबर पर है।रॉयल्स ने अभी तक खेले 12 मैचों में 123 छक्के लगाये हैं और इस सत्र की सबसे ज्यादा छक्के मारने वाली टीम बनी हुई है।यह प्रदर्शन बताता है कि भले ही टीम अंक तालिका में पिछड़ गई हो, लेकिन बल्लेबाजों ने निडर होकर खेला।

## आईपीएल के इस सत्र में छक्के मारने में अव्वल रही राजस्थान रॉयल्स

**नई दिल्ली (ई)।** आईपीएल के इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है पर अभी तक सबसे अधिक छक्के मारने के मामले में वह पहले नंबर पर है। रॉयल्स ने अभी तक खेले 12 मैचों में 123 छक्के लगाये हैं और इस सत्र की सबसे ज्यादा छक्के मारने वाली टीम बनी हुई है। यह प्रदर्शन बताता है कि भले ही टीम अंक तालिका में पिछड़ गई हो, लेकिन बल्लेबाजों ने निडर होकर खेला।

वहीं सबसे अधिक छकके लगाने में दूसरे नंबर पर पंजाब किंग्स है, जिसने 11 मैचों में 114 छक्के लगाए हैं। पंजाब की टीम अभी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। किन उनके बल्लेबाजों का आक्रामक अंदाज प्रशंसकों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है। वहीं तीसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स है, जिसने 11 मैचों में 111 छक्के लगाये हैं और वह प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। चौथे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू है, जो अंक तालिका में शीर्ष् पर चल रही है लेकिन छक्कों के मामले में पीछे है। उसके नाम अब तक 96 छक्के हैं। मुंबई इंडियंस ने भी इस सीजन में आक्रामक बल्लेबाजी की है। उसने 11 मैचों में कुल 95 छक्के लगाये हैं।

**आदिनाथ फलेक्सीपैक प्राईवेट लिमिटेड ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट - 2025**

## पृथ्वी, अरजन, पलक, असमी क्वार्टर फइनल में





**इंदौर। मध्य प्रदेष टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही आदिनाथ फलेक्सीपैक प्राईवेट लिमिटेड ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए प्री-क्वाटरफाइनल मैच में मध्यप्रदेष के पृथ्वी सिंह चौहान, अरजन अरोरा बालक वर्ग एवं पलक मालवीय, असमी रघुवंषी बालिका वर्ग-16 वर्ष आयु से क्वाटरफाइनल में प्रवेष कर लिया है। शेष परिणाम इस प्रकार रहेः-**

**बालक बर्ग-16 वर्ष आयु (प्री क्वार्टर फाइनल)-** पृथ्वी सिंह चौहान (म.प्र.) विवि हुदीयांष उपाध्याय (गुज.) 7-5, 7-6, अरजन अरोरा (म.प्र.) विवि सुविगया चौधरी (म.प्र.) 6-4, 6-2. अमान खान (म.प्र.) विवि अलमीर अली वारसी (म.प्र.) 6-3, 6-2. रंष गोटावाला (गुज.) विवि विहान नवाब (म.प्र) 6-4, 3-6, 6-3.. आरूष जैन (म.प्र.) विवि अनघ अग्रवाल (म.प्र) 6-1, 6-1. अथर्व पालोद (म.प्र.) विवि माधव शाह (गुज.) 6-3, 3-6, 6-0. षिवांष अग्रवाल (म.प्र.) विवि रूहान तलरेजा (म.प्र) 7-5, 6-3।

**बालिका बर्ग-16 वर्ष आयु (प्री-क्वाटरफाइनल)-** पलक मालवीय (म.प्र.) विवि कृष्वी झा (म.प्र.) 6-0, 6-0, असमी रघुवंषी (म.प्र.) विवि आन्या फलजले (म.प्र.) 6-0, 6-0, मनुस्मृति सिंह (म.प्र.) विवि आन्या राठी (म.प्र.) 6-0, 6-1,दृष्टिराज झाला (राज.) विवि येषा धनकानी (म.प्र.) 6-0, 6-0




## भोपाल और ग्वालियर की टीमें संयुक्त विजेता

इंदौर। अंडर-22 अंतर संभागीय क्रिकेट चैम्पियनशिप का फाइनल बारिश के कारण नही खेला जा सका। मैच रद्द होने से भोपाल और ग्वालियर को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। ट्राफी पवन जैन (कोषाध्यक्ष एमपीसीए)द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर पर्यवेक्षक नरेंद्र बख्तेरिया मौजूद थे।

## नव्या के साथ ही टीम बनी स्वर्ण पदक विजेता



इन्दौर (ई) डेली कॉलेज इन्दौर की टीम ने कुमारी नव्या खण्डेलवाल के नेतृत्व में द ऑल इण्डिया इण्डियन पब्लिक स्कूल कान्फ्रेंस (आइपीएससी) स्क्वाश प्रतियोगिता के अंडर 12 वर्ग मे स्वर्ण पदक अर्जित कर शहर और संस्था को गौरवान्वित किया है। स्पर्धा में कई कॉलेज व स्कूलों की अंडर-12 की टीमों ने भाग लिया। इसमें नव्या ने बेहतर प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**इंदौर की यमिका सोनी व आदित्य सिंह को कप्तानी**

## मध्यप्रदेश बास्केटबॉल बालक व बालिका टीम खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिये घोषित



इंदौर। जिला खेल अधिकारी इंदौर रीना चौहान ने बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स जो की पटना, बिहार में 10 से 15 मई 2025 तक बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी जिसके लिए बॉस्केटबॉल कंपलेक्स, इंदौर में बालक और बालिका वर्ग का प्रशिक्षण शिवर 25 अप्रैल से लगाया गया जिसमें सभी चयनित खिलाड़ियों ने अथक परिश्रम व मेहनत की है। मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के महा सचिव अविनाश आनंद ने टीम की घोषणा करते हुए बालिका वर्ग में यमिका सोनी (कप्तान) वैष्णवी गुप्ता, काम्य, श्वेता सिंह, इशिका मंगरुले, आहना बाल्मिक, आयुषी यादव, आर्य, सानिया, लक्षिता चौहान, यशिका भोर, मानवी एनिया व कोच डॉ. उमाकांत सिंह, दुर्गेश चंद सक्सेना और मैनेजर ज्योति शर्मा वही बालक वर्ग में आदित्य सिंह (कप्तान) रोहन कुराई, कृष्णा सुनारिया, आदित्य जायसवाल, सुजल सिंह, मोहित, दिव्यांशु माल, यश यादव, पृथ्वीराज श्रीमाल, रोहित, श्रेयांश गोस्वामी, तोहिद शेख, कोच ए सुरेश वी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह गिल वह कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट के सचिव लक्ष्मीकांत पटेल ने टीम को शुभकामनाएं व बधाई दी।

# मुस्कान, आरिषी, अंश व समर्थ को नेतृत्व

इंदौर। पिट्टू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पिट्टू एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश द्वारा 7 से 9 मई तक सेंट नॉर्बेर्ट स्कूल में आयोजित होने वाली 5वी सीनियर एवं दूसरी सब जूनियर पिट्टू चैंपियनशिप में भाग लेने वाली मध्यप्रदेश पिट्टू टीम की घोषणा पिट्टू एसोसिएशन ऑफ मप्र के अध्यक्ष हरिनारायण यादव व सचिव गुलाब सिंह चौहान ने की। सीनियर महिला व पुरुष टीम का नेतृत्व क्रमशः मुस्कान भिंडे व अंश मालवीय एवं सब जूनियर बालक व बालिका टीम का नेतृत्व क्रमशः आरिषी गुप्ता व समर्थ पाटीदार करेंगे। टीम इस प्रकार है-









सीनियर महिला टीम- मुस्कान भिंडे (कप्तान), राधिका व्यास, खुशी सोलंकी, गौरी तिवारी, रिया केतले, अंजली भूरिया, वंशिका वर्मा, अनन्या भदौरिया, ग्रीष्मा जामरा, शीतल पवार। **सीनियर पुरुष टीम-** अंश मालवीय (कप्तान), विष्णु लोवंशी, रितेश साध, सचिन चौधरी, निक्की सोनवाने, आकाश ठाकुर, विजय सोलंकी, मोहित छाड़िया, यश पाटीदार, लक्ष्यजीत सिंह चौहान। महिला व पुरुष टीम के कोच क्रमशः मानसी बागोरा व ईश्वर सिंह चौहान एवं मैनेजर रोहित बाजपई होंगे।

सब जूनियर बालिका टीम- आरिषी गुप्ता (कप्तान), आराध्या सितलानी, अंशिका पारगी, राजनंदिनी भिंडे, अश्विनी चौधरी, दृष्टि गौड़, सिद्धि पाटीदार, आध्या मुंडदा, सेजल अजमेरा, विधि चौहान। सब जूनियर बालक टीम- समर्थ पाटीदार (कप्तान), कान्हा पवार, पीयूष राठौर, ओजस गोडबोले, प्रथम पाटीदार, वत्सल गुप्ता, यजत भिंडे, पद्मनाभ पंवार, तनिष्क पाटीदार, समर्थ पवार। बालिका व बालक टीम के कोच क्रमशः मृदुला बुद्धिवंत व दुर्गाशंकर मोयल एवं मैनेजर विवेक बंजारे होंगे।

## इंदौर में हुआ रोमांचक मुकाबला, कई खिलाड़ियों ने दिखाया दमदार प्रदर्शन

**इंदौर पब्लिक स्कूल, राऊ में आयोजित WMC INDIA Muaythai Ranking Series - 18 में मेन कार्ड फाइट के रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। तेलंगाना से अजय यादव ने मिनी फ्लाई वेट कैटेगरी में शानदार जीत हासिल की। मध्य प्रदेश की दीपांजली ने भी दमदार खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की। वहीं महाराष्ट्र के मेहुल सिंह ने मिडल वेट कैटेगरी में अपने प्रतिद्वंदी को हराकर विजेता बने।**



इस आयोजन के मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र शुक्ला और श्री देपम शुक्ला (निदेशक, राजवंश रियल एस्टेट) थे, जिन्होंने विजेताओं को मेडल प्रदान किए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में WMC India के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण शेट्टी और तकनीकी निदेशक एम.आई. नवेद भी उपस्थित थे, जिन्होंने सभी एथलीट्स का मनोबल बढ़ाया। आखिर में WMC इंडिया के एडमिन डायरेक्टर श्री अशुतोष दाधीच ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विकास की रफ्तार को लगेंगे पंख, जल्द मिलेगी दो हाईस्पीड कॉरिडोर की सौगात

दूरियों को नजदीकियों में बदलेंगे 8 लेन के दो हाईस्पीड कॉरिडोर

• भोपाल

मध्य प्रदेश की भौगोलिक स्थिति देश के चारों कोनों को जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही है। रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में देश के बीचो-बीच बसे मध्य प्रदेश की प्रगति के नए पायदान जुड़ रहे हैं। जल्द ही एमपी के लिए दो हाई स्पीड कॉरिडोर की सौगात मिल सकती है जो मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विकास की रफ्तार बढ़ाने का काम करेंगे। खास बात यह है कि महाकौशल सेतु की भूमिका निभाते हुए बुंदेलखंड के जरिए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की राजधानी जोड़ने का काम करेगा। ये 8 लेन हाईस्पीड कॉरिडोर होगा, जो यूपी के यमुना एक्सप्रेस वे की तरह बनाया जाएगा। फिलहाल मध्य प्रदेश सरकार इसके डीपीआर बनाने में जुटी है।



एक जबलपुर से नौरादेही टाइगर रिजर्व से रायसेन होते हुए भोपाल तक जाएगा। दूसरा लखनादौन से रायपुर तक जाएगा। जो रायपुर और नागपुर को जोड़ने का काम करेगा। इन दोनों हाईस्पीड कॉरिडोर पर 17 हजार करोड़ खर्च आने की संभावना है।

### जबलपुर से जुड़ेगा भोपाल

मध्य प्रदेश की संस्कारधानी के नाम से जाने जाना वाला जबलपुर का नजारा 2027 में कुछ अलग नजर आएगा। दरअसल विजन-2047 के तहत जबलपुर से भोपाल के लिए ग्रीनफील्ड हाईस्पीड कॉरिडोर की योजना पर मध्य प्रदेश सरकार और एनएचएआई काम कर रही है। इसके तहत जबलपुर से भोपाल के लिए शानदार 8 लेन रोड बनाई जाएगी। इसकी लागत 7 से 8 हजार करोड़ तक हो सकती है। फिलहाल जिस डीपीआर पर मंथन चल रहा है, उसके तहत ये सड़क तेंदूखेड़ा से होते हुए नौरादेही टाइगर रिजर्व से रायसेन से जुड़ेगी और जबलपुर-भोपाल के बीच दूरी कम हो जाएगी।

### मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की राजधानी जुड़ेगी

हालांकि अगर टाइगर रिजर्व के कारण कोई परेशानी आती है, तो दूसरे विकल्प खोजे जा सकते हैं। फिलहाल प्रस्ताव ये है कि वनक्षेत्र से गुजरने की स्थिति में यह ग्रीनफील्ड कॉरिडोर होगा। खास बात ये है कि फिलहाल जबलपुर-भोपाल सफर के लिए औबेदुल्लागंज से होते हुए ये दूरी करीब साढ़े तीन सौ किमी पड़ती है। इस ग्रीनफील्ड हाईस्पीड कॉरिडोर के कारण ये करीब 250 किलोमीटर दूरी बचेगी।

### रायपुर और नागपुर की दूरी होगी कम

नेशनल हाइवे 44 के जरिए रायपुर और नागपुर को हाईस्पीड कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। फिलहाल रायपुर से नागपुर के बीच में 400 किमी की दूरी है। इस नए हाईस्पीड कॉरिडोर के कारण करीब 150 किमी दूरी कम हो सकती है। बालाघाट से नया रास्ता बनने के कारण करीब 145 किमी दूरी कम हो रही है। रायपुर और नागपुर के बीच की दूरी करीब 255 किमी रह जाएगी।

### कैसा होता है हाईस्पीड कॉरिडोर

हाईस्पीड कॉरिडोर एकदम सीधा होता है, जिसके कारण वाहनों की रफ्तार एक जैसी बनी रहती है। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं से बचाने और यातायात सुचारू रखने के लिए इस पर अत्याधुनिक हाइटेक सुविधाएं होती है। जिनमें स्पीड सेंसर, जीपीएस ट्रैकर जैसी सुविधाएं होती है। हाईस्पीड कॉरिडोर दोनों तरफ से बंद रहता है। किसी तरह से दाएं-बाएं तरफ से वाहन आने की संभावना नहीं होती है और बेरोकटोक वाहन अपनी रफ्तार में दौड़ते हैं। प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह का कहना है कि फिलहाल दोनों प्रस्तावों पर डीपीआर पर काम चल रहा है और मौजूदा प्रस्ताव के अलावा वैकल्पिक प्रस्ताव पर भी विचार किया जा रहा है। जल्द ही दोनों हाईस्पीड कॉरिडोर का डीपीआर अंतिम रूप से तैयार कर केंद्र सरकार को भेज दिया जाएगा।

## राजधानी में एआई भारत-एमपी कार्यशाला का आयोजन कल से

• भोपाल /

मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम एवं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग द्वारा 8 और 9 मई को 'एआई भारत-एमपी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आधार और डिजिटल गवर्नेंस में नवाचार' विषय पर कार्यशाला का आयोजन भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यशाला प्रातः 9.30 से शाम 5.30 बजे तक आयोजित होगी। कार्यशाला डिजिटल गवर्नेंस को अधिक प्रभावी, समावेशी और नागरिकोन्मुखी बनाने के लिए 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) और 'आधार' (यूआईएडीआई) के प्रयोग की संभावनाओं पर केंद्रित होगी। कार्यशाला में नीति-निर्माताओं, तकनीकी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और सरकारी प्रतिनिधियों की भागीदारी से नॉलेज शेयर और विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यशाला का पहले दिन प्रशासन को गतिशील बनाने में एआई नवाचार और आधार के प्रयोग पर केंद्रित रहेगा। अपर मुख्य सचिव कार्यशाला में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे राज्य की डिजिटल रणनीति की जानकारी देंगे। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के सीईओ नंद कुमारम डिजिटल नीति पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण साझा करेंगे। मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के प्रबंध संचालक आशीष वशिष्ठ कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी देंगे। कार्यशाला का उद्देश्य उभरती तकनीकों के जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देना और मप्र को तकनीकी रूप से सक्षम व फ्यूचर-रेडी राज्य के रूप में स्थापित करना है।

## अब 12 मई तक जमा हो सकेंगे युवा कांग्रेस चुनाव के नामांकन

**भोपाल, रासं।** युवा कांग्रेस के चुनाव में नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। अब चुनाव लड़ने के इच्छुक युवा 12 मई तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। पूर्व में नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख 7 मई निर्धारित थी। युवा कांग्रेस नेताओं का कहना है कि युवा कांग्रेस संगठन को क्षेत्रों से ब्लॉक में विसंगति के बारे में कॉल आ रहे थे, इसलिए एआईसीसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार सिस्टम में ब्लॉक्स को अपडेट किया जा रहा है, इसलिए 6 से 8 मई तक एप में किसी तरह की एक्टिविटी नहीं की जा सकेगी।

**मोहन कैबिनेट का फैसला, पचमढ़ी की 395.931 हेक्टेयर जमीन वन भूमि से नजूल घोषित होगी**

# पचमढ़ी नगर अभयारण्य से बाहर, यहां जमीन की खरीदी और बिक्री हो सकेगी

नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट, मंडला एवं डिंडोरी के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के 850 पद स्वीकृत

भूमि साडा के स्वामित्व में आ जाने से पचमढ़ी में विकास कार्यों में तेजी आ जाएगी

• भोपाल /




मप्र सरकार ने पचमढ़ी नगर को अभयारण्य से बाहर करने का निर्णय लिया है। इसमें पचमढ़ी की 395.931 हेक्टेयर जमीन वन भूमि से रेवेन्यू (नजूल) घोषित की जाएगी। इसके बाद यहां जमीन की खरीदी और बिक्री हो सकेगी। इस फैसले के बाद पचमढ़ी अभयारण्य का नोटिफिकेशन फिर होगा। यह फैसला सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मप्र सरकार ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम-1972 की धारा 18 (1) के अंतर्गत एक जून, 1977 को पचमढ़ी अभयारण्य को अधिसूचित किया था। इस दौरान अभयारण्य में शामिल किए गए और बाहर किए जाने वाले क्षेत्र को सीमांकित नहीं किया गया था। इसके चलते यहां कोई गतिविधि सरकार खुद भी नहीं कर पा रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अब यहां की 395.931 हेक्टेयर जमीन को नजूल भूमि घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

### पैरा-ओलंपिक पदक विजेताओं को एक-एक करोड़ रुपए मिलेंगे

कैबिनेट ने पैरा-ओलंपिक में पदक विजेता खिलाड़ियों को 50-50 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रियान्वयन के लिए पैरा-ओलम्पिक-2024 में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को 50 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी, जिससे कुल सम्मान राशि 1 करोड़ रुपए हो जाएगी। बता दें कि मुख्यमंत्री ने पैरा-ओलम्पिक खिलाड़ी रूबिना फ्रांसिस और कपिल परमार को पैरा-ओलम्पिक खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने की घोषणा की थी।

### तीन जिलों में नाप-तौल विभाग का दफ्तर खुलेगा

कैबिनेट ने नव गठित जिले मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय और निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति दी। तीन जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय के लिए कुल 16 पद और 4 जिलों में नाप-तौल कार्यालय के लिए कुल 13 पदों की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट द्वारा पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल के गठन को स्वीकृति दी गई। राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल को पेंशन प्रकरणों के निराकरण से संबंधित समस्त प्रक्रिया के लिए अधिकृत किया जाएगा। संभागीय और जिला स्तर के कार्यालयों और सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की सुविधा के लिए अस्थायी रूप से 2 वर्ष के लिए वर्तमान संभागीय और जिला पेंशन कार्यालयों को पेंशन समाधान केंद्र के रूप में सीमित संरचना के साथ रखा जाएगा। पदों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा।

### पर्यटकों को लुभाने वाले प्रोजेक्ट आएंगे

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि पचमढ़ी अभयारण्य की सीमा में नजूल की काफी भूमि थी। सुप्रीम कोर्ट में केस चल रहा था, जिसमें सरकार की जीत हुई है। इन क्षेत्रों में विकास प्रतिबंधित था। पचमढ़ी नगर वन भूमि में था, ऐसा वन विभाग का कहना था। इसकी नाप के बाद सरकार हाईकोर्ट गई, जिसका फैसला सरकार के पक्ष में आया। अब इस भूमि पर पर्यटकों को आकर्षित करने वाले प्रोजेक्ट लाए जाएंगे। यहां विकास की बहुत संभावनाएं हैं। कैबिनेट बैठक में नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट, मंडला एवं डिंडोरी के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के लिए एक वर्ष के लिए 850 पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। हर कार्यकर्ता को 25 हजार रुपए मानदेय दिया जाएगा। ये लोग संबंधित गांव के ही होंगे।

### प्रदेश में एमएसपी पर पिछले साल से दोगुनी गेहूं की खरीदी



प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। जिन किसानों ने 5 मई को स्लॉट की बुकिंग कराई है, उनसे गेहूं की खरीदी 9 मई तक होगी। प्रदेश में इस साल पिछले साल के मुकाबले एमएसपी पर दोगुनी मात्रा में गेहूं की खरीदी की गई है।

**इस साल 81 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन का अनुमान, पिछले साल 40 लाख मीट्रिक टन खरीदी हुई थी**

कैबिनेट बैठक में अनौपचारिक चर्चा के दौरान बताया गया कि इस साल 8.76 लाख से ज्यादा किसानों से 15 मार्च से 5 मई के बीच 76 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है, जो आज स्लाट बुकिंग के आधार पर 81 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच सकता है। किसानों को 16472 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। मप्र में पिछले साल 5.85 लाख किसानों से 40 लाख मीट्रिक गेहूं खरीदा गया था। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बोनस देने के कारण किसानों ने शासकीय खरीदी केंद्रों में गेहूं बेचा है। मंदसौर में कृषि समागम का जिक्र करते हुए मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि जीडीपी खेती से बढ़ती है। इसलिए सरकार ने इस पर फोकस किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी जान रहे हैं। कम खाद से अधिक उत्पादन पर फोकस किया जा रहा है। इसी तरह के कार्यक्रम अगले माह नरसिंहपुर और सतना में होंगे।

# नई शिक्षा नीति सिर्फ दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के स्वाभिमान को पुनः स्थापित करने का माध्यम है

सीएम ने राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित नीति संवाद-2025 श्रृंखला को किया संबोधित

• भोपाल /

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि औपनिवेशिक उद्देश्यों से लागू लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति के दुष्प्रभावों से समाज और आगामी पीढ़ी को मुक्त कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री की पहल पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई। यह गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश इस के प्रावधानों को क्रियान्वित करने में देश में अग्रणी रहा। यह शिक्षा नीति केवल एक दस्तावेज नहीं अपितु भारत की सांस्कृतिक चेतना और स्वाभिमान को पुनः स्थापित करने का माध्यम है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उसे अपने गौरव का बोध कराना भी है। भारतीय ज्ञान परम्परा व्यक्तिगत प्रसंगों से नैतिक मूल्यों को विद्यार्थियों में विकसित करने को विशेष महत्व देती है। पन्ना धाय और रानी दुर्गावती जैसे ऐतिहासिक प्रसंगों का समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसी प्रेरणादायक शिक्षाओं को वर्तमान शिक्षा प्रणाली में शामिल करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजधानी में मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित नीति संवाद-2025 श्रृंखला के अंतर्गत सशक्त भारत और समृद्ध मध्यप्रदेश के लिए मूल्य आधारित और रोजगारोन्मुखी शिक्षा विषय पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित संवाद श्रृंखला को संबोधित कर रहे थे। वरिष्ठ शिक्षा विचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे।



### संस्कार और जीवन मूल्य लाते हैं वास्तविक बदलाव : इंद्रेश कुमार

मुख्य वक्ता डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि संस्कार और जीवन मूल्य ही व्यक्ति में वास्तविक परिवर्तन लाते हैं। मनुष्य को हिंसा, अशिक्षा और विकार से मुक्त कर और समाज में सदभाव, समता और एकता का वातावरण निर्मित कर अनेकों समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उनका मंत्रिमंडल और लोक सेवक मध्यप्रदेश को आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत है।

### संस्कारों से पड़ेगी राष्ट्र निर्माण की नींव : देवड़ा

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन की ओर अग्रसर होने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी आयामों का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। संस्कारों से शिक्षा के जुड़ने से ही राष्ट्र निर्माण की नीव पड़ती है। उन्होंने प्रदेश में गुणवत्ता शिक्षा के लिए आरंभ 276 सीएम राइज स्कूलों का नाम संदीपनी विद्यालय करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। देवड़ा ने कहा कि हम हर गांव में संस्कार-हर हाथ में हुनर और हर मन में आत्मबल के लक्ष्य से कार्य कर रहे हैं।

## प्रभावी कार्रवाई नहीं करने वाले पुलिस अधिकारी फील्ड में नजर नहीं आएंगे

• भोपाल /

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में अपराधों और विशेषकर महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर सख्त एक्शन लिया जाए। जो पुलिस अधिकारी प्रभावी कार्रवाई नहीं करेंगे, वे अधिकारी मैदान में नहीं दिखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केंद्रों पर विशेष सावधानी की जरूरत है। स्कूल और कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा भी ऐसे तत्वों को टोकाटाकी करने और शिक्षण संस्थान के स्तर पर नियंत्रण का कार्य हो। इसके साथ ही नजदीक के थाने में इसकी सूचना अवश्य दी जाए। छेड़खानी करने वाले युवकों को शिक्षण केंद्र के स्तर पर भी बिल्कुल नहीं बख्शा जाए। पुलिस द्वारा ऐसे दर्ज मामलों और निरीक्षण के उपरांत सख्त कार्रवाई की जाए। सायबर अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एक्शन लिया जाए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सीएम हाउस में आयोजित गृह विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश के पुलिस अधीक्षकों को विस्तारपूर्वक निर्देश दिए और की जा रही कार्रवाई का नियमित प्रतिवेदन देने को कहा। वीडियो कॉन्फ्रेंस से जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री ने इलेक्शन गतिविधियों के नियंत्रण की भी जानकारी प्राप्त की।

**समीक्षा बैठक में महिला अपराध रोकने पर सीएम का विशेष फोकस**

### मुख्यमंत्री के प्रमुख निर्देश

- स्कूल और कॉलेज स्तर पर छात्राओं और सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध घटित करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो।
- प्रदेश में समेकित अभियान संचालित कर महिला अपराधों पर नियंत्रण को प्रभावी बनाया जाए। नए कानून के क्रियान्वयन के प्रति गंभीर रहें।
- न्याय श्रुति सॉफ्टवेयर के माध्यम से थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को सशक्त बनाएं।

## पूर्व राष्ट्रपति कलाम के नाम पर होगा नया वक्फ भवन

• भोपाल /

मध्यप्रदेश में वक्फ बोर्ड का नया भवन बनेगा। इस भवन का नाम पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर होगा। इस बात की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित वक्फ सुधार जन जागरण कार्यक्रम में की।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर, बोर्ड के अध्यक्ष सनव्वर पटेल, अनेक प्रबुद्धजन, उलेमा उपस्थित रहे। डॉ यादव ने कहा कि वक्फ बिल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब मुस्लिमों की भलाई के लिए लाए हैं।

उन्होंने प्रदेश के 150 साल से प्रारंभ वक्फ बोर्ड के कार्यालय को भव्य बनाने की बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों के वेतन भत्ते को लेकर कुछ विसंगतियों को दूर करने के लिए विभाग के प्रमुख सचिव को इसके निराकरण के निर्देश दिए। वक्फ बोर्ड का वर्तमान कार्यालय जिस भवन में है वह पूर्व में एलेक्जेंडर स्कूल के नाम से हुआ करता था।

**वन्यजीव** पिछले साल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दस हाथियों की मौत के बाद वन विभाग ने किया सर्वे

# 51 गांव हाथियों से प्रभावित, फिर भी विस्थापन को तैयार नहीं

• भोपाल / रामगोपाल सिंह राजपूत

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पिछले साल कोदो-कुटकी खाने से 10 हाथियों की मौत हो गई थी। इसके बाद हाथियों के प्रबंधन के लिए तमाम नियम बनाए गए। इसके तहत वन विभाग ने हाथियों से प्रभावित 51 गांवों का सर्वे किया। वन विभाग ने सर्वे की रिपोर्ट भी जारी कर दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि हाथियों से प्रभावित परिवार विस्थापन भी नहीं चाहते और वे अपनी फसलों को भी बदलने को तैयार नहीं हैं।



गौरतलब है कि पिछले साल अक्टूबर में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में तीन दिन में 10 हाथियों की मौत हो गई थी। इसके बाद वन विभाग ने हाथियों के प्रबंधन के लिए कार्ययोजना बनाई थी। मप्र और छत्तीसगढ़ सरकार मिलकर इस कार्ययोजना पर काम कर रही है। इसके तहत बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व एवं संजय टाईगर रिजर्व पहुंचे हाथियों के दल द्वारा उपयोग किए गए कॉरिडोर का चिन्हांकन भी किया गया है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा में हाथियों द्वारा उपयोग किए गए 20 प्रवेश द्वार चिन्हित किए गए हैं। मध्यप्रदेश में हाथियों की उपस्थिति आधारित रूट मेप तैयार किया जा रहा है। हाथियों के संरक्षण के लिए और उनको जोड़ने वाले कॉरिडोर की रूट मेपिंग का काम अगले पांच महीने में करने की योजना वन विभाग ने बनाई है। दरअसल वन विभाग ने यह भी माना है कि भविष्य में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों की संख्या और बढ़ेगी।

### छग से प्रदेश में पलायन कर रहे हाथी

टाइगर रिजर्व के सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्र की पहचान कर उसके आसपास स्थित गांवों में हाथी मानव द्वंद रोकने प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य के वन्य प्राणी मुख्यालय का दौरा कर हाथियों की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के कटघोरा (कोरया वनमंडल) से मध्यप्रदेश के अनूपपुर वनमंडल में भविष्य में हाथियों का आगमन की संभावना है। हाथियों की आबादी बाधवगढ़ में रहवासी हो गई है जबकि संजय टाईगर रिजर्व में मात्र 5-6 महीने के लिए गर्मियों में ही छत्तीसगढ़ से हाथी आकर समय व्यतीत करते है। आने वाले समय बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व हाथियों का स्थाई ठिकाना बनेगा। इसके लिए वन विभाग कार्ययोजना बना रहा है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com